राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 25
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 25 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236





मुख्य अपडेट

पेज 3 बन्द दुकानों से चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

पेज 4 धर्मांतरण के बाद युवती से यौन शोषण, शिक्षक गिरफ्तार

पेज 6 विजय हजारे ट्रॉफी में रोहित के तेज शतक से मुबई जीती


## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना में बच्चा बेचने वाले गिरोह के 12 लोग गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना में साइबराबाद स्पेशल ऑपरेशंस टीम ने एक बड़े इंटरस्टेट सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। ये गिरोह कई राज्यों से नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त कर रहा था और बच्चे 15-15 लाख रुपए में निस्संतान दंपतियों को बेच रहा था। मधुपुर के डीसीपी रितुराज ने बताया- बच्चे मुश्किल से कुछ दिन के हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ कई राज्यों में पहले से ही मामले दर्ज हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम जो कार्रवाई करें, वह दूसरों के लिए सबक बने। पुलिस ने बताया कि यह गैंग देश भर में सप्लाई चेन चलाता था। बच्चों की अवैध बिक्री के लिए फर्जी गोद लेने के दस्तावेज बनाए जाते थे।

### उधार के 5 लाख मांगने पर दोस्त को मारी गोली

**गुरदासपुर।** पंजाब के गुरदासपुर स्थित बटाला में उधार दिए 5 लाख रुपए मांगने गए दोस्त पर व्यक्ति ने राइफल से गोली मार दी। गोली व्यक्ति के पैर में लगी, जिससे वो लहूलुहान होकर गिर गया। पहले दोनों परिवारों में काफी देर कहासुनी हुई, इसके बाद बहस ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित परिवार अमृतसर से अपने पैसे लेने आया था। व्यक्ति ने जैसे ही पैसे मांगे, दूसरे परिवार ने कहा कि उन्होंने पहले ही पैसे लौटा दिए हैं। आरोपी की पत्नी ने कहा कि अगर पैसे चाहिए तो सबूत दे दो। तभी आरोपी ने राइफल तान दी। जैसे ही पीड़ित ने दम है तो मार-मार कहा, सामने से फायर कर दिया गया।

गठबंधन



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुंबई में अपने गठबंधन की घोषणा से पहले शिवाजी पार्क स्थित शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में गठबंधन

**कहा- हमारी सोच एक, बंटेंगे तो बिखरेंगे; 29 नगर निगम चुनाव में 15 जनवरी को मतदान**

**मुंबई।** उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया।

20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है।

इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।

महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा।

## तमिलनाडु में बस ने 2 कारों को कुचला, 9 की मौत

**4 घायल, कारें पूरी तरह चकनाचूर; बस का टायर फटने से हादसा**

▶ हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर तक जाम लग गया।

**चैन्नई।** तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था।

इससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर चढ़कर दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया और दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं।

हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।







### मृतकों में 5 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल

सड़क हादसे में दोनों निजी वाहनों में सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि 2 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 5 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। 4 घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है, इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों-घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आदेश दिए कि मुख्यमंत्री राहत कोष से हर मृतक के परिवार को 3 लाख रुपए दिए जाएं। वहीं, घायलों को 1 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएं।

हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर तक जाम लग गया। करीब दो घंटे बाद क्रेन से वाहन हटाकर यातायात चालू किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों

**सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल; गडकरी ने माना- 40 प्रतिशत पॉल्यूशन ट्रांसपोर्ट सेक्टर से फैल रहा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है तो एयर प्यूरीफायर पर 18 प्रतिशत जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है।


ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना ठीक नहीं है।

### पॉल्यूशन पर दिल्ली हाईकोर्ट के 3 कमेंट

जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।

कोर्ट ने पूछा कि लोग कब तक इंतजार करें? क्या तब तक, जब हालात और ज्यादा गंभीर हो जाएं? एक व्यक्ति दिन में करीब 21 हजार बार सांस लेता है और जहरीली हवा का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ता है।

केंद्र से पूछा कि जब हालात एयर इमरजेंसी जैसे हैं, तो क्या किसी आपात प्रावधान के तहत अस्थायी रूप से एयर प्यूरीफायर को त्स्स्ञ से छूट नहीं दी जा सकती।



वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40 प्रतिशत हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं।

## संसद परिसर में स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल पर रोक

**सांसदों के लिए निर्देश जारी, सचिवालय ने कहा- ये प्राइवेसी के लिए खतरा**

**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को सांसदों से संसद परिसर में स्मार्ट चश्मा, पेन कैमरा और स्मार्ट वॉच जैसे डिजिटल गैजेट्स इस्तेमाल न करने की अपील की है। सचिवालय ने कहा कि इन उपकरणों से सांसदों की गोपनीयता को खतरा हो सकता है और संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लंघन भी संभव है। निर्देश में कहा गया है कि देश में ऐसे गैजेट्स अब आसानी से उपलब्ध हैं जिनसे गोपनीयता को खतरा हो सकता है। इनमें से कुछ का दुरुपयोग गोपनीय जानकारी रिकॉर्ड करने या शेयर करने के लिए किया जा सकता है। सांसदों को निर्देश दिए गए कि संसद परिसर के किसी भी हिस्से में इनका उपयोग न करें। यह निर्देश संसद की सुरक्षा व्यवस्था और सांसदों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से जारी किया गया है। पहले भी संसद परिसर में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर नियम लागू रहे हैं।

स्मार्ट गैजेट्स के बढ़ते चलन को देखते हुए यह चेतावनी दोबारा जारी की गई है। लोकसभा सचिवालय ने स्पष्ट किया है कि ऐसे उपकरणों से संसदीय कार्यवाही प्रभावित हो सकती है।

### टीएमसी सांसद के ई सिगरेट पीने पर हुआ था विवाद

संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन 11 दिसंबर को लोकसभा सदन में टीएमसी सांसद के ई-सिगरेट पीने पर विवाद हुआ था। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला को शिकायत करते हुए कहा- टीएमसी सांसद सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं। इस पर स्पीकर ने कहा कि एक्शन लिया जाएगा।


## अरावली रेंज में नए खनन पट्टे जारी करने पर रोक

**केंद्र के सभी राज्यों को निर्देश; राजस्थान के 15 जिलों में फैली है पहाड़ी**

एजेंसी

जयपुर। केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पूरी अरावली रेंज में नई माइनिंग लीज जारी करने पर रोक लगा दी है। केंद्र ने राज्य सरकारों को अरावली में किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

यह प्रतिबंध पूरे अरावली पर समान रूप से लागू होंगे। केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जारी लिखित बयान के मुताबिक इस आदेश का मकसद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।



### अरावली के लिए ICFRE बनाएगा नया माइनिंग प्लान, इसे सार्वजनिक किया जाएगा

भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को पूरे अरावली क्षेत्र में लगातार खनन के लिए एक व्यापक, साइंटिफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

इस प्लान में पर्यावरणीय प्रभाव और पारिस्थितिक वहन क्षमता का आकलन करने के साथ-साथ पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील और संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करेगी। बहाली और पुनर्वास के उपाय निर्धारित करेगी। इस प्लान को संबंधित स्टेक होल्डर से परामर्श के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

### अरावली में संरक्षित और खनन प्रतिबंधित दायरे को और बढ़ाया जाएगा

केंद्र सरकार के बयान के मुताबिक पूरे अरावली क्षेत्र में खनन से संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों के दायरे को और बढ़ाया जाएगा। अरावली पर तैयार किए जा रहे प्लान में इसका खास ध्यान रखा जाएगा।

## कुलदीप सेंगर की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

**उन्नाव रेप पीड़ित राहुल-सोनिया से मिली; बोलीं- मेरी बात सुनकर दोनों की आंखें नम हो गईं**

उन्नाव। यूपी के उन्नाव रेप केस की पीड़ित ने बुधवार शाम दिल्ली में राहुल और सोनिया गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात 10 जनपथ स्थित कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के आवास पर हुई।

पीड़ित ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से मिलने की गुहार लगाई, लेकिन मुझसे कोई नहीं मिला। राहुल भैया का खुद फोन आया और उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया। मैंने सोनिया गांधी और राहुल भैया से मुलाकात की। मैंने उन्हें बताया कि मुझे बंधक बनाया गया। मेरी जान को खतरा है। राहुल भैया ने मुझसे कहा कि इस लड़ाई में वे मेरे साथ हैं।



पीड़ित ने कहा, दोनों नेताओं ने आश्वासन दिया है कि बेटा आप परेशान मत हो। उनके आंखों में भी आंसू आ गए कि ये देश का न्याय नहीं है, ये अन्याय है। राहुल-सोनिया ने कहा है कि वे न्याय दिलाएंगे। दोनों की आंखें नम थीं।

### पीड़ित ने राहुल-सोनिया से तीन मदद मांगी

रेपिस्ट कुलदीप सेंगर के खिलाफ केस लड़ने के लिए टॉप लेवल का वकील।

कांग्रेस शासित राज्य में परिवार को शिफ्ट किया जाए।

पीड़ित के पति को बेहतर नौकरी।

इधर, सीबीआई दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी, जिसमें रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड कर जमानत दी गई है।

सीबीआई ने कहा- ये मामला बेहद गंभीर है। पीड़ित को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कश्मीर में गुब्बारों में बंधा पाकिस्तानी झंडा बरामद

**एलओसी के पास दो जिलों की घटना; 6 दिन पहले शोपियां भी पाकिस्तानी बलून नजर आए थे**

**श्रीनगर।** उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास बुधवार को दो अलग-अलग इलाकों से पाकिस्तानी झंडे के निशान वाले गुब्बारे बरामद किए गए हैं। इसके बाद बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

अधिकारियों के मुताबिक पहले घटना में बारामूला जिले के खादिनयार इलाके में सरना टॉप के पास करीब 10 गुब्बारों से बंधा एक पाकिस्तानी झंडा गिरता हुआ नजर आया।

सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स की पेट्रोलिंग टीम ने ये देखा। गुब्बारों और झंडे को तुरंत जब्त कर जांच के लिए ले जाया गया। दूसरी घटना में कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा के नौगाम इलाके में पेड़ पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ गुब्बारा मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सुरक्षाबलों को दी छी। सेना ने गुब्बारे जब्त किए। अधिकारियों ने कहा है कि दोनों घटनाएं एलओसी के पास की हैं। गंभीरता से इसकी जांच जारी है। आशंका है कि गुब्बारे हवा के चलते उड़कर यहां आए हों। हर एंगल से जांच जारी है।



## हैप्पी मॉर्निंग

पति ने पत्नी से बड़े ही प्यार से कहा-
काश तुम
शक्कर होती,
कभी तो मीठा बोलती...
पत्नी- काश तुम अदरक होते,
कसम से...जी भर के
कूटती...!!!
पत्नी का जवाब सुन कर
पति
बेहोश

## शायरी

ये लोग पांव नही ज़ेहन से
अपाहिज है
उधर चलेगें जिधर रहनुमा
चलाता है..!!

## अर्थसार

संसेक्स:
85,408.70
-116.14 (0.14%)
निफ्टी:
26,139.70
-37.45

## मौसम

अधिकतम : 20 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 16
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 37

## असम के हिंसाग्रस्त पश्चिम कार्बी आंगलोंग में सेना तैनात

**2 लोगों की मौत हुई थी, चराई जमीन पर अतिक्रमण का विरोध कर रहे जनजातीय लोग**

**दीफू।** असम के हिंसाग्रस्त पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को सेना तैनात कर दी गई। सेना ने हिंसा वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में दो दिन हिंसा के चलते दो लोगों की मौत हो गई और 60 पुलिसकर्मियों समेत 70 अन्य घायल हो गए।

डीजीपी हरमीत सिंह ने खेरोनी इलाके में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, सेना की टुकड़ियां यहां पहुंच चुकी हैं। स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस पिछले दो दिनों में हुई हिंसा की जांच कर रही है।

कार्बी समुदाय के प्रदर्शनकारी पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। वे आदिवासी क्षेत्रों में स्थित ग्राम चराई रिजर्व और पेशेवर चराई रिजर्व जमीन अवैध कब्जेदारों को बेदखल करने की मांग कर रहे थे। अवैध कब्जेदारों में से अधिकांश बिहार के रहने वाले हैं।

सोमवार तड़के पुलिस तीन प्रदर्शनकारियों को विरोध स्थल से ले गई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। प्रशासन ने बाद में दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जाया गया था।

हादसा

**शाहजहांपुर में ट्रैक पर हाथ-पैर और कटे सिर मिले; एक बाइक पर सवार थे**

## ट्रेन से कटकर पति-पत्नी, 2 बच्चों समेत 5 की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में ट्रेन से कटकर 5 लोगों की मौत हो गई। बाइक पर पति-पत्नी, उनके 2 बच्चे समेत 5 लोग सवार होकर रेलवे लाइन पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार गरीब रथ ट्रेन की चपेट में आ गए।

हादसे में पांचों के चीथड़े उड़ गए। ट्रैक पर कुछ मीटर के दायरे में केवल कटे हुए हाथ-पैर और सिर पड़े थे। हर जगह खून ही खून दिख रहा था। जबकि बाइक ट्रेन में फंसकर 500 मीटर तक घिसटती चली गई।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे और कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शवों के टुकड़ों को पॉलिथीन में पैक करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। हादसा बुधवार शाम करीब साढ़े 6 बजे का रोजा जंक्शन के पास बने पावर केबिन के पास का है।



मृतकों की पहचान थाना निगोही के बिकन्ना गांव के रहने वाले सेठपाल, उनकी पत्नी पूजा और 2 बच्चे सूर्या (4) और निधि (5) के रूप में हुई है। सेठपाल के साथ उनके साढ़ू हरिओम भी थे। वह लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया के बनके गांव के रहने वाले थे।

### साढ़ू के घर आया था परिवार

रोते बिलखते परिवार के लोगों ने बताया- निगोही के रहने वाले सेठपाल बुधवार सुबह परिवार समेत अपने साढ़ू हरिओम के घर आए थे। शाम को सभी लोग हरिओम के साथ बाइक से रोजा में लगने वाले बुध बाजार गए। यहां सभी ने घर-गृहस्थी का सामान खरीदा।

खरीदारी के बाद सभी लोग एक ही बाइक से सवार होकर हरिओम के घर लौट रहे थे।

तभी रोजा जंक्शन के पास पावर केबिन के पास रेलवे कर्मचारियों के लिए बनी बिना फाटक की क्रॉसिंग से ये लोग ट्रैक पार करने लगे। उसी समय अमृतसर से सहरसा जाने वाली ट्रेन गरीब रथ (12204) आ गई और बाइक सवार चपेट में आ गए।

हादसे की सूचना पर मौके पर एसपी राजेश द्विवेदी समेत कई थानों का फोर्स पहुंची। रेलवे पुलिस भी पहुंची।

एसपी ने बताया- पांचों लोग एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक से रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए।

# संपादकीय

## खनन का केंद्र बनी अरावली इसे बचाना जरूरी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

अरावली पर्वतमाला भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जो दिल्ली से गुजरात तक लगभग 692 किलोमीटर तक फैली हुई है। यह राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के हिस्सों से गुजरती है। अरावली न केवल भूगर्भीय रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि उत्तर भारत की पारिस्थितिकी की रीढ़ भी है। यह थार मरुस्थल के फैलाव को रोकती है, भूजल रिचार्ज करती है, जैव विविधता को संरक्षित रखती है और दिल्ली-एनसीआर जैसे क्षेत्रों में वायु प्रदूषण और धूल भरी आंधियों को नियंत्रित करती है। लेकिन पिछले कुछ दशकों से अरावली खनन का केंद्र बन गई है, जिससे इसकी प्राकृतिक संरचना बुरी तरह प्रभावित हुई है।

अरावली में खनन की समस्या नई नहीं है। यहां चूना पत्थर, मार्बल, सैंडस्टोन, तांबा, जस्ता जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में हैं, जो निर्माण उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं। लेकिन लाइसेंस प्राप्त और अवैध खनन दोनों ने मिलकर अरावली को खोखला कर दिया है। हरियाणा में 2009 से सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम, फरीदाबाद और मेवात जिलों में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, फिर भी अवैध खनन जारी रहा। राजस्थान में भी बड़े पैमाने पर खदाने चल रही हैं। 2024-2025 में भी अवैध खनन की खबरें सामने आईं, जहां पहाड़ियों को ब्लास्ट करके समतल कर दिया गया।

खनन के पर्यावरणीय प्रभाव विनाशकारी हैं। पहाड़ियां कटने से वन क्षेत्र घट गया है, जिससे जैव विविधता खतरे में पड़ गई है। अरावली में तेंदुआ, हाइना, जंगल कैट, सैकड़ों पक्षी प्रजातियां और दुर्लभ पौधे पाए जाते हैं। खनन से वन्यजीवों के कॉरिडोर टूट गए हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ा है। सबसे बड़ा खतरा भूजल स्तर पर है। अरावली की चट्टानें दरारयुक्त होने से बारिश का पानी जमीन में रिसता है और एकड़ प्रति लाखों लीटर भूजल रिचार्ज करती है। खनन से यह प्रक्रिया बाधित हुई, जिससे हरियाणा और राजस्थान के कई जिलों में भूजल स्तर 1000-2000 फीट तक गिर गया है। दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधियां बढ़ी हैं, वायु गुणवत्ता खराब हुई है और गर्मी की लहरें तीव्र हुई हैं। मरुस्थलीकरण का खतरा भी बढ़ गया है, क्योंकि अरावली थार रेगिस्तान की प्राकृतिक दीवार है।

2025 में अरावली को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हुआ। नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की एक समान परिभाषा स्वीकार की, जिसमें 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियां ही अरावली मानी जाएंगी। इससे कई निचली लेकिन पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण पहाड़ियां सुरक्षा से बाहर हो सकती हैं, जिससे खनन और निर्माण का खतरा बढ़ गया। पर्यावरणविदों ने इसे मौत की सजा करार दिया और #SaveAravalli अभियान चलाया। प्रदर्शन गुरुग्राम, उदयपुर जैसे शहरों में हुए। हालांकि, केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि 90त्न से अधिक क्षेत्र सुरक्षित रहेगा और कोई नई खनन लीज नहीं दी जाएगी। दिसंबर 2025 में केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि अरावली में नई खदाने नहीं खोली जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट ने भी टिकाऊ खनन योजना तैयार होने तक नई लीज पर रोक लगा दी है। अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट भी चल रहा है, जो हरित क्षेत्र बढ़ाने का प्रयास है।

अरावली को बचाना क्यों जरूरी है? यह उत्तर भारत की जल सुरक्षा, जलवायु संतुलन और जैव विविधता का आधार है। अगर अरावली नष्ट हुई तो दिल्ली-एनसीआर में पानी की कमी गंभीर हो जाएगी, प्रदूषण बढ़ेगा और मरुस्थल फैलेगा। लाखों लोगों की आजीविका और स्वास्थ्य प्रभावित होगा। विकास के नाम पर प्रकृति का शोषण बंद होना चाहिए। सरकार को सख्त कानून लागू करने, अवैध खनन पर अंकुश लगाने और पुनर्वास कार्यक्रम चलाने चाहिए। नागरिकों को भी जागरूक होकर अभियान में शामिल होना चाहिए। अरावली हमारी धरोहर है - इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। केवल टिकाऊ विकास ही भविष्य सुरक्षित कर सकता है।

## न्यूजीलैंड से डील


अमेरिका द्वारा अनुचित टैरिफ लगाने से भारतीय बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंकाओं के बीच न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता सुखद ही है। माना जा रहा है कि दुनिया में अर्थव्यवस्थाओं के संरक्षणवाद तथा भू-राजनीतिक तनाव से उपजे आपूर्ति श्रृंखला के संकट के बीच इस समझौते का सिरे चढ़ना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये लाभकारी हो सकता है। लेकिन इसके साथ ही भारतीय कृषि व फल उत्पादकों के हितों की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जैसी कि हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों में गहरी चिंता है कि न्यूजीलैंड के सेब पर आयात शुल्क पचास से पच्चीस फीसदी करने से उनके हितों पर चोट लगेगी। उनकी आशंका है कि यदि अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौते होते हैं तो हिमाचली सेब बाजार में प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं कर पाएगा। उनका कहना है कि जिस दौरान हिमाचली सेब की मार्केट में आवक होती है, उस दौरान यह शुल्क कम नहीं होना चाहिए। उनका मानना है कि इससे सेब की हाई-डेंसिटी खेती तथा कोल्ड स्टोरेज उद्योग पर भी बुरा असर पड़ेगा। वैसे इस करार का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार डील में भारत को लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के साथ व्यापार अगले पांच साल में दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है, जो देश के व्यापक हित में हो सकता है। न्यूजीलैंड ने अगले पंद्रह वर्षों में भारत में बीस अरब डॉलर के निवेश करने का भरोसा दिलाया है। निस्संदेह, इस करार से उस नकारात्मक वातावरण को दूर करने में मदद मिलेगी, जो अमेरिका के एकतरफा टैरिफ लगाने से बना था। जिसके चलते अमेरिका को निर्यात करने वाले उत्पादक चिंता में थे और रोजगार के अवसरों में कमी की आशंका भी जतायी जा रही थी। सकारात्मक पहलू यह भी है कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की मार्च में भारत यात्रा के बाद सिर्फ नौ महीने में यह करार सिरे चढ़ा है।

निस्संदेह, यह समझौता द्विपक्षीय आर्थिक हितों की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण कहा जा रहा है। जो निश्चय ही हमारी हिंद-प्रशांत आर्थिक रणनीति को संबल देगा। यह तथ्य भी विचारणीय है कि आजादी के कुछ साल बाद शुरू हुआ दोनों देशों का व्यापारिक लेनदेन बेहद उत्साहजनक नहीं रहा। जो बीते साल मुश्किल से दो अरब डॉलर तक पहुंच सका है। बहरहाल, अगले पांच साल में व्यापार को दुगना करने का संकल्प आशा जगाता है। भारत न्यूजीलैंड को फार्मास्यूटिकल, गुड्स, आईटी सेवाओं का निर्यात बढ़ा सकता है। कहा जा रहा है कि करार के बाद भारत की न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। यह भी कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के न्यूजीलैंड के अनुभव का लाभ भारत को मिल सकता है, लेकिन भारतीय किसानों के हितों की रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि करार में भारतीय डेयरी उद्योग के हितों की रक्षा करने का भरोसा दिया गया है। दुनिया में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक देश भारत में न्यूजीलैंड के डेयरी सेक्टर को कोई छूट नहीं दी गई है। यहां उल्लेखनीय है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के अब तक सिरे न चढ़ने की एक बड़ी वजह डेयरी व कृषि क्षेत्र में भारतीय किसान व डेयरी उत्पादकों के हितों के चलते अमेरिकी दखल को हरी झंडी न देना ही है। बहरहाल, अमेरिका से व्यापार समझौते पर तनातनी के बावजूद भारत द्वारा हाल ही में ओमान के साथ आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद न्यूजीलैंड से एफटीए को सिरे चढ़ाना भारतीय निर्यात विविधता को बढ़ावा ही देगा। एक साल में तीन वैश्विक समझौतों का सिरे चढ़ना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये ऊर्जा का काम कर सकता है। वहीं इस माह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।

अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म-जयंती-25 दिसम्बर 2025

# लोकनायक, राष्ट्र-दृष्टा और भारतीयता के शिखरपुरुष

-ललित गर्ग-



भारत के आधुनिक इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो केवल सत्ता या पद से नहीं, बल्कि अपने विचार, चरित्र और आचरण से राष्ट्र की चेतना को आकार देते हैं। भारतीय राजनीति का महानायक, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता, भारत रत्न, प्रखर कवि, वक्ता और पत्रकार अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही लोकनायक थे, जो राजनीति में रहते हुए भी राजनीति से बड़े दिखाई देते थे। उनकी 101वीं जन्म-जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का क्षण है कि हम किस भारत का स्वप्न देखते हैं और उसे साकार करने में हमारी भूमिका क्या है? अटलजी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को भारत सरकार प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। अटलजी भारतीय राजनीति के दुर्लभ शिखर पुरुष थे, जिनमें विचार की दृढ़ता, व्यवहार की शालीनता और निर्णय की निर्भीकता एक साथ समाहित थी। वे सत्ता के शिखर पर भी विनम्र थे और विपक्ष की पंक्ति में भी गरिमामय। यही कारण है कि उन्हें केवल एक दल का नेता नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का नेता माना गया। वे 'अजातशत्रु' इसलिए नहीं कहे गए कि उनके विरोधी नहीं थे, बल्कि इसलिए कि विरोध के बीच भी वे सम्मान और संवाद का सेतु बनाए रखते थे।

अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति को केवल सत्ता-प्राप्ति का साधन नहीं माना, बल्कि उसे राष्ट्र-निर्माण की साधना बनाया। जब राजनीति अवसरवाद, कटुता और अविश्वास की गिरफ्त में थी, तब अटलजी ने उसे मूल्यों, मर्यादा और संवैधानिक आस्था से जोड़े रखा। वे सत्ता में रहते हुए भी लोकतंत्र के प्रति उतने ही प्रतिबद्ध थे, जितने विपक्ष में रहते हुए। अटलजी ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, विचारक एवं समाज सुधारक एवं राष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे। अटलजी यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये भारत के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं।

तीन बार प्रधानमंत्री रहना उनकी उपलब्धि नहीं, बल्कि उस भरोसे का प्रमाण है जो देश ने उनके चरित्र और दृष्टि पर किया। 1996 में अल्पमत की सरकार से लेकर 1999 में स्थिर गठबंधन सरकार तक की उनकी यात्रा यह दर्शाती है कि लोकतंत्र में संख्या से अधिक नैतिकता और नेतृत्व की विश्वसनीयता का महत्व होता है। संसद में उनका वह ऐतिहासिक वक्तव्य- 卐सरकारें आएँगी-जाएँगी, लेकिन देश और लोकतंत्र रहना चाहिए卐 आज भी भारतीय राजनीति के लिए पाथेय है। अटलजी का सबसे निर्णायक योगदान भारत को रणनीतिक आत्मविश्वास दिलाने में रहा। 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण केवल वैज्ञानिक या सैन्य उपलब्धि नहीं थे, वे भारत के आत्मसम्मान की उद्घोषणा थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। इन परीक्षणों के बाद जब वैश्विक दबाव और प्रतिबंधों का दौर आया, तब अटलजी का नेतृत्व और भी निखरकर सामने आया। उन्होंने न तो आक्रामकता दिखाई, न ही आत्मसमर्पण बल्कि धैर्य, संवाद और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलते हुए देश को आर्थिक और कूटनीतिक रूप से सुदृढ़ किया। यही संतुलन उनके राजनेता होने की सबसे बड़ी पहचान है।

अटल बिहारी वाजपेयी को केवल कठोर निर्णयों का नेता मानना अधूरा मूल्यांकन होगा। वे उतने ही बड़े शांति-दूत भी थे। पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने के लिए लाहौर बस यात्रा उनकी दूरदृष्टि का प्रतीक थी, जहाँ साहस, संवेदना और संवाद एक साथ चलते हैं। कारगिल युद्ध के समय भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं का पालन करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की और दुनिया को भारत की जिम्मेदार शक्ति-छवि से परिचित कराया। अटलजी का विश्वास था कि युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए, लेकिन जब राष्ट्र की अस्मिता पर आघात हो, तब निर्णायक कार्रवाई अनिवार्य है। यही सोच उन्हें यथार्थवादी आदर्शवादी बनाती है। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे। वाजपेयीजी बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी प्रभावित थे और उन्होंने कहा था कि अटलजी एक दिन भारत के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे।

आज भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का जो धरातल बना है, वह उन्हीं की देन है। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। 1977 में जनता पार्टी सरकार में उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया और वे इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण बताते थे। वे संसद में बहुत प्रभावशाली वक्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं और महत्वपूर्ण मुद्दे पर उनके भाषण खासे गौर से सुने जाते रहे हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है।

अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भारत ने बुनियादी ढाँचे और तकनीक के क्षेत्र में नई छलांग लगाई। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्रामीण सड़कों का विस्तार, दूरसंचार क्रांति और निजी क्षेत्र की सहभागिता- ये सब उस 'नए भारत' की नींव थे, जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। उन्होंने विकास को केवल आर्थिक आँकड़ों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आम नागरिक के जीवन से जोड़ा। 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा उनके समन्वित विकास-दर्शन को दर्शाता है, जहाँ सुरक्षा, कृषि और ज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं। यह नारा आज भी भारत की विकास-यात्रा का सूत्रवाक्य बन सकता है। अटल विहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं।


अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे बड़ी विशिष्टता यह थी कि वे सत्ता में रहते हुए भी संवेदनशील बने रहे। उनके भीतर का कवि कभी मरा नहीं। उनकी कविताएँ केवल साहित्य नहीं, बल्कि राष्ट्र के संघर्ष, आशा और आत्मबल की अभिव्यक्ति हैं। उनकी पंक्तियाँ निराशा में संबल देती हैं और चुनौती में साहस-卐हार नहीं मानूँगा, रार नहीं ठानूँगा卐 यह केवल कविता नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन है, जो व्यक्ति को भी प्रेरित करता है और राष्ट्र को भी। अटलजी का राष्ट्रवाद संकीर्ण नहीं था। वह समावेशी, सांस्कृतिक और मानवीय था। वे भारत की प्राचीन सभ्यता पर गर्व करते थे, लेकिन आधुनिकता से भयभीत नहीं थे। वे परंपरा और परिवर्तन के बीच सेतु थे। उनका हिंदुत्व आक्रामक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास से उपजा हुआ था, जो सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है।

आज जब राजनीति में ध्रूवीकरण, अविश्वास और कटुता बढ़ रही है, अटल बिहारी वाजपेयी और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उनका जीवन सिखाता है कि शक्ति के साथ शालीनता, विचार के साथ विनम्रता और राष्ट्रवाद के साथ मानवीयता कैसे निभाई जाती है। उनकी 101वीं जन्म-जयंती हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम केवल उनके नाम का स्मरण न करें, बल्कि उनके मूल्यों को जीवन में उतारें-सत्यनिष्ठा, संवाद, सहिष्णुता और राष्ट्र-प्रेम को व्यवहार में लाएँ।

अटल बिहारी वाजपेयी कोई बीता हुआ अध्याय नहीं, बल्कि भारत की आत्मा में धड़कता हुआ वह स्वर हैं, जो हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र-निर्माण केवल सरकारों का नहीं, नागरिकों का भी दायित्व है। यदि हम उनके विचारों से प्रेरणा लेकर एक सजग, संवेदनशील और सशक्त भारत के निर्माण में जुटें, तो यही उनकी सच्ची जयंती होगी और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3750




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3749 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'तुम रेडियो पर सदा विदेशी स्टेशनों के कार्यक्रम ही क्यों सुनते रहते हो?'

'ताकि हमारे देश की बिजली कम खर्च हो.' दूसरे दोस्त ने बताया.

□ □ □

राजू- 'मेरी घरवाली की आंख में एक तिनका गिर गया था, उसे निकालने के लिए दस रुपये खर्च करने पड़े.'

मित्र बोला, 'मेरी घरवाली की आंख में एक साड़ी अटक गयी थी, उसे निकालने के लिए एक हजार रुपये खर्च करने पड़े.'

□ □ □

'पापा, मैंने आपके दोस्त को सही समय पर स्टेशन पहुंचा ही दिया.'

'लेकिन बेटा, स्टेशन तो बहुत दूर है और टैक्सी, बस, तांगे सबकी हड़ताल है. तुमने उन्हें ठीक समय पर कैसे पहुंचा दिया?'

'जी, वे कुत्ते से बहुत डरते थे, अपना कुत्ता उनके पीछे दौड़ाता रहा और उन्होंने भागकर ट्रेन पकड़ ली.'

□ □ □

एक महिला - 'आपने जो ताबीज पहन रखी है, वह क्या जन्तर-मन्तर है?'

दूसरी महिला हंस पड़ी, 'नहीं, इसमें मेरे आदमी के बाल हैं.'

पहली महिला आश्चर्य चकित होकर पूछा, 'क्या अब वे नहीं रहे?'

'नहीं, वे तो हैं, पर उनके बाल अब नहीं रहे.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3750



**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3749



## सूडोकु -3750


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3749 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 3750



**बाएँ से दाएँ**

1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

शब्द पहेली -3749 का हल



# नोएडा में 500 ई बस चलाने की योजना अटकी

## 180 दिन पूरे होने पर दोनों कंपनियों के टेंडर निरस्त, शासन तैयार करेगा नया मॉडल

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में ई बस सेवा अभी नहीं मिल सकेगी। एसपीवी नहीं बनने और 180 दिन से ज्यादा होने पर शासन ने टेंडर निरस्त कर दिया है। टेंडर के जरिए दो कंपनियों का चयन करीब 6 महीने पहले किया गया था। इन कंपनियों को बसों का संचालन करना था। शासन स्तर पर अब दोबारा से प्रोसेस किया जाएगा। हालांकि इस बार काफी बदलाव होने की उम्मीद है।

प्राधिकरण ने बताया कि कंपनी की ईएमडी को वापस किया जाएगा। दोबारा से बसों के संचालन के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। एसपीवी भी शासन स्तर पर बनेगी। संभवता इस बार यूपीएसआरटीसी को इसमें शामिल किया जा सकता है। बसों के इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे बस डीपो, चार्जिंग पाइंट, सर्विस सेंटर प्राधिकरण बनाकर देगा।

इस पूरी प्रक्रिया में 30 दिन का समय लग सकता है। ऐसे में फरवरी में नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास में ई सिटी बस सर्विस चलते दिख सकती है।

दरअसल, प्लान था कि नोएडा,




ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बस चलेंगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा था। ये योजना करीब 675 करोड़ रुपए की है। नोएडा प्राधिकरण के इसका नोडल बनाया गया। एसपीवी का गठन करने की जिम्मेदारी नोएडा की थी। हालांकि अन्य प्राधिकरण की ओर से रिस्पांस नहीं मिलने से एसपीवी का गठन नहीं किया जा सका।

### इनको ध्यान में रखकर सड़क पर उतारेंगे बस

तीनों ही प्राधिकरण ऑन डिमांड बसों की मांग करेंगे। मतलब जितनी जरूरत होगी उतनी ही।

ऐसा करने से तीनों प्राधिकरण पर वायबिलिटी गैप फंडिंग का बोझ भी कम होगा और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सकेगा।

रुटों को डिफाइन किया जाएगा कि कहा कहा पर बसें चलनी है।

एसपीवी शासन स्तर पर बने और इन्फ्रास्ट्रक्चर तीनों प्राधिकरण देंगी।

### छह महीने पहले दो कंपनी चुनी गई थी

करीब 6 महीने पहले ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया और डेलबस मोबिलिटी को 12 साल के ग्रॉस कॉस्ट मॉडल पर बसें सप्लाई, ऑपरेट और मेंटेन करने के लिए चयनित किया गया था। लेकिन जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड नाम की जिस संयुक्त एसपीवी के जरिए सेवा चलाई जानी है, वह गठित नहीं हो सकी। एसपीवी न बनने के कारण कंपनी के साथ अंतिम समझौता नहीं हुआ और टेंडर को निरस्त कर दिया गया।

### आर्थिक बोझ को करना होगा कम

500 बसों के मॉडल पर सालाना 225 करोड़ रुपए वीजीएफ की जरूरत होगी, जिसमें अकेले नोएडा प्राधिकरण को 107 करोड़ रुपए से अधिक वहन करने होंगे। अधिकारियों का कहना है कि बिना मांग और सिस्टम तैयार हुए इतनी बड़ी वित्तीय जिम्मेदारी लेना जोखिम भरा होगा। इस तरह, पूरी परियोजना का भविष्य अब राज्य सरकार के फैसले पर टिका है कि वह इसे चरणबद्ध रूप में आगे बढ़ाएगी या पूरे मॉडल को फिर से डिजाइन किया जाएगा।

# बन्द दुकानों से चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

## कब्जे से एक गाड़ी सहित दस लाख रुपये का सामान बरामद



**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**नोएडा।** थाना फेस वन पुलिस ने बंद दुकानों से चोरी करने वाले दो अभियुक्तों आरिफ उर्फ चंकी पुत्र मौहम्मद मुतालिब निवासी नसबंदी कलोनी थाना लोनी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश हाल पता किराये का मकान कल्याण अखाड़े वाली गली मौजपुर थाना जाफराबाद जिला शाहदरा दिल्ली, सोनू उर्फ जाकिर पुत्र अमर उर्फ उमर निवासी कस्बा नूरपुर थाना नूरपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल पता न्यू सीमापुरी थाना न्यू सीमापुरी जिला शाहदरा दिल्ली को हरौला सैक्टर 5 थाना क्षेत्र फेज वन नोएडा से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की घटना मे प्रयुक्त एक गाड़ी,दस लाख रुपये कीमत का चोरी का मॉल, मास्टर चाबीयाँ, दो चाकू और अन्य सामान बरामद किया है। अभियुक्तगण मारूति स्विफ्ट टूर-एस नंबर एल 1 जेड सी 8594 से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में घूम फिर कर सर्दियों में कोहरे एवं अंधेरे का फायदा उठाते हुए अपने पास रखे शटर व दुकानो के ताले खोलने के लिए अलग अलग प्रकार की मास्टर चाँबी का प्रयोग करते है न खुलने पर शटर को जैक द्वारा उठाकर/तोड़कर सामान चोरी करते हैं।

चुराया हुआ सामान अभियुक्तगण अपनी गाड़ी मे छिपाकर रखते है जिसे अभियुक्तगण आवश्यता पड़ने पर सही दाम मिलने पर बेच देते हैं।

# शार्ट न्यूज

## ज्ञानोमहोत्सव द्वितीय श्रंखला के पुरस्कारों का हुआ वितरण

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**ग्रेटर नोएडा।** मैक्सविन पब्लिक स्कूल जहाँगीरपुर में ज्ञानोमहोत्सव द्वितीय श्रंखला के अन्तर्गत ड्रांइग ओलंपियाड की प्रतियोगिता के बुधवार को पुरुस्कार वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में विधालय की एनसी से कक्षा आठ तक के सभी छात्र छात्राओं एव अध्यापक-अध्यापिकाएं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सभी ने एक चित्र के माध्यम से अपनी अपनी प्रतिभा दर्शाया था। इस प्रतियोगिता में 50 प्रथम, 52 द्वितीय, 54 तृतीय छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 27 अध्यापक-अध्यापिकाएं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक योगेन्द्र सैनी एवं प्रधानाचार्य खानचन्द वर्मा द्वारा सभी को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।प्रतियोगिता को सफल बनाने में विधालय से प्रभात शर्मा, रिंकू शर्मा, प्रशान्त, चरन सिंह, नीरज जादौन धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

## ग्रेटर नोएडा में बाल रैली आयोजित

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल दनकौर द्वारा गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर बाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कस्बे के मुख्य बाजार से शुरू होकर द्रोणाचार्य मंदिर पर समाप्त हुई। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वाल्मीकि ने इस अवसर पर कहा कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को साहिबजादे कहा जाता है। उन्होंने धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह इतिहास में अद्वितीय है। वाल्मीकि ने बताया कि साहिबजादों का त्याग आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके बलिदान से सत्य तथा धर्म के मार्ग पर चलने की सीख मिलती है। रैली का उद्देश्य बच्चों को साहिबजादों के बलिदान और उनके आदर्शों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में हरिदत्त शर्मा, पंकज कौशिक, मंडल मीडिया प्रभारी हरीश शर्मा, महामंत्री अमित नागर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अखिलेश नागर, नवीन पंडित, शैलेंद्र नागर, रिंकू चौहान, नीरज, तेजवीर प्रधान, सुभाष नगर, अनिल गोयल, हरपाल सिंह, देवदत्त शर्मा, सुमित शर्मा और सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सहित कई कार्यकर्ता व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ की बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के धनौरी गांव में किसान एकता संघ की एक बैठक हुई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बड़े आंदोलन की योजना बनाई गई। यह बैठक बुधवार को दनकौर कोतवाली के धनौरी गांव में सुनिल पटवारी के आवास पर आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मास्टर सुखपाल ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और उसके विस्तार पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से सुनिल पटवारी को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही गांव के अनेक किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी ग्राम इकाई में शामिल किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर संबंधित प्राधिकरण कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है और उन्हें उनका हक नहीं मिल पा रहा है। इसी के विरोध में किसान एकता संघ जल्द ही एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहा है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए संगठन का गांव-गांव विस्तार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को एकजुट किया जा सके।

## क्रिसमस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (जीआईएमएस) में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। छात्रों ने क्रिसमस कैरोल्स, नृत्य और रचनात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से क्रिसमस के सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों को दर्शाया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। कॉलेज परिसर को क्रिसमस की थीम पर सजाया गया था, जिसमें झिलमिलाती रोशनी और सुसज्जित क्रिसमस ट्री शामिल थे। सांता क्लॉज की उपस्थिति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। सांता ने छात्रों को उपहार वितरित किए, जिससे उनमें उत्साह देखा गया। छात्रों ने सांता के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। इस अवसर पर जीआईएमएस संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस प्रेम, करुणा और एकता का पर्व है।

## जिला जज व डीएम ने जेल का दौरा किया

ग्रेटर नोएडा। जिला कारागार का बुधवार को जिला जज अतुल श्रीवास्तव व जिलाधिकारी मेधा रूपम ने निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार परिसर के अंतर्गत कार्यालय भवन, स्वच्छता इकाई, प्रशिक्षण केंद्र एवं पुस्तकालय, सांस्कृतिक कक्ष, वर्मी कंपोस्ट निर्माण इकाई, औषधि वाटिका, मधुमक्खी पालन इकाई, पपीता, मशरूम, स्ट्रॉबेरी सहित अन्य सब्जियों की जैविक खेती संबंधित कार्यों को परखा। जेल अधीक्षक ने कारागार में संचालित विभिन्न सुधारात्मक, पुनर्वास एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बंदियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव, कौशल विकास एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।जिला न्यायाधीश ने बंदियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उपयोगी एवं रोजगारपरक कौशल अर्जित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान आर्ट एवं डांस रूम, संगीत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष तथा सैलून कक्ष का भी दौरा किया। बंदियों द्वारा प्रस्तुत सिलाई, चित्रकला, गायन, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को की सरहाना की।

# नोएडा की ठंड में रैन बसेरा बना लोगों का आसरा

## 310 लोगों के रुकने की व्यवस्था, मिनिमम तापमान 8 डिग्री तक रहेगा

**नोएडा।** नोएडा में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सड़क पर रात गुजार रहे लोगों के लिए प्राधिकरण ने 10 स्थानों पर रैन बसेरे बनाए है। इन बसेरों में 310 लोगों के रुकने की व्यवस्था है। रैन बसेरा में फोल्डिंग बैड लगाए गए है। साथ पीने के लिए साफ पानी और रात के समय अलाव की व्यवस्था की गई है। आने जाने वाले सभी लोगों का रिकार्ड मेनटेन किया जा रहा है। ताकि कोई असामाजिक तत्व यहां न सोए। शराब पीकर आने वाले लोगों को यहा घुसने नहीं दिया जाएगा। सबसे बड़ा रैन बसेरा नोएडा स्टेडियम में बनाया गया है। इसकी क्षमता 90 लोगों की है। दसों स्थानों पर बनाए गए रैन बसेरों में सुविधाओं की जिम्मेदारी वर्क सर्किल अधिकारियों



को दी गइ है। समस्या आने पर रैन बसेरा के बाहर मोबाइल नंबर भी लिखे गए है।

### पहले जानते है मौसम अपडेट

नोएडा में आगामी पांच दिनों की बात करे तो 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक सुबह के समय कोहरा और स्मॉग दोनों छाए रहेगा। अधिकतम तापमान 21 से 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 से 10 डिग्री तक रहेगा। वहीं हवा की रफ्तार 3 से 4 किमी प्रतिघंटा और नमी 90 से 70 प्रतिशत तक रहेगी। ऐसे में दिन और रात में लोगो को कड़ाके की ठंड लगेगी। हालांकि दिन में धूप निकलेगी।

### अब जाने कहा-कहा बना रैन बसैरा

सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम
बरौला सामुदायिक केंद्र डीएससी रोड
सदरपुर सामुदायिक केंद्र
सेक्टर-62 सामुदायिक केंद्र
मामूरा बारात घर
सोरखा पंचायतघर
सेक्टर-93 कम्युनिटी सेंटर
शहदरा पंचायत घर
सेक्टर-135 बारातघर
कोंडली बारातघर

# घरों से मोबाइल चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 21 मोबाइल फोन सहित लैपटॉप बरामद

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**नोएडा।** थाना सैक्टर 24 पुलिस ने घरों से मोबाइल एवं लैपटॉप चोरी करने वाले दो अभियुक्तों श्याम उर्फ भूरा और चन्द्रशेखर उर्फ राजू को सैक्टर 11 नोएडा के पास गन्दे नाले के पुस्ते से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किये गये कुल 21 मोबाईल फोन,एक लैपटॉप,दो अवैध चाकू और 2070 रुपये नगद बरामद किए हैं। अभियुक्तगणों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम दोनों मिलकर घऱो व भीड़ भाड वाली जगहों से लैपटॉप, मोबाईल व अन्य कीमती सामान चोरी करते है। हमारे पास से जो लैपटॉप व मोबाईल फोन बरामद




हुए है, ये हम दोनो ने मिलकर अलग अलग जगहों से चोरी किये थे। कुछ दिनो पहले हमने टी-ब्लाक सैक्टर 12 नोएडा में एक घर से पानी की टोंटिया चुराई थी तथा गली नंबर 1 ग्राम झुंडपुरा से एक लैपटॉप चोरी किया था। जिनको हमने एक अज्ञात व्यक्ति को सस्ते दामो पर बेच दिया था और चाकू को हम अपने पास अपने बचाव के लिए रखते है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# नोएडा में फाइनेंस कंपनी ने 7.47 करोड़ का गबन किया

## फर्जी तरीके से लिए 57 लोन, 14 पर मुकदमा; ऑडिट में गड़बड़ी सामने आई

**नोएडा।** सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के सेक्टर 51 स्थित होशियारपुर गांव में मन्ना पुरम फाइनेंस कंपनी शाखा कार्यालय में 7.47 करोड़ रुपए का गबन करने का मामला सामने आया है।

कंपनी प्रतिनिधि ने शाखा कार्यालय के प्रबंधक, कर्मी एजेंट और डीलर पर फर्जी तरीके से 57 लोन लेने का आरोप लगाया है। प्रतिनिधि ने सेक्टर 49 थाने में 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मन्नापुरम फाइनेंस कंपनी का नोएडा सेक्टर 51 स्थित होशियारपुर गांव में शाखा कार्यालय है। कंपनी प्रतिनिधि मुनाजिर हसन ने बताया कि शाखा कार्यालय कर्मी, एजेंट और डीलरों के माध्यम से फाइनेंस का काम करती है।

पिछले दिनों ऑडिट कराने से पता चला कि करीब सात करोड़ रुपए से ज्यादा की गड़बड़ी मिली। जांच कराने पर पता चला कि फरवरी 23 से अगस्त 2025 तक फर्जी कागजातों पर गलत तरीके से 57 लोन कराए गए हैं।

### फर्जी कागज लेकर कराया लोन

कुछ कर्मी, एजेंट और डीलरों ने मिलकर दो फर्म और लोगों के नाम पर फर्जी कागजात लगाकर लोन हुए हैं।

लोन लेने के लिए लगाए गए केवाईसी, फोन नंबर व पते फर्जी हैं। इससे शाखा कार्यालय को 7.48 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया है।

### इनके खिलाफ एफआईआर

प्रतिनिधि ने शाखा प्रबंधक श्रीप्रकाश, सेल्स हेड शुभेन्द्र यादव, कर्मी दिव्यांशु बिश्नोई, अंकित कुमार, आलोक कुमार, नीतीश सक्सेना, विनय कुमार, विकास कुमार, एजेंट विजय खारी, गौरव जैन, प्रदीप कुमार, लोन धारक राज उर्फ राजू चौधरी, हरेंद्र कुमार, बीएम ऑटो सेल्स व ओरियन मोटर्स कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना प्रभारी सुनील भारद्वाज ने बताया कि कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में 11वीं के छात्र पर जानलेवा हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक इंटर कॉलेज के 11वीं कक्षा के छात्र के साथ पुरानी रंजिश के चलते बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है।

इस घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मुंहफाड़ गांव निवासी मोहित कस्बे के एक इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा का छात्र है। परिजनों ने बताया कि करीब चार महीने पहले मोहित का सलारपुर गांव के कुछ छात्रों से कॉलेज में विवाद हुआ था। उस समय स्कूल प्रशासन और दोनों पक्षों के परिजनों की मौजूदगी में मामला सुलझा लिया गया था।

इसके बावजूद, आरोप है कि आरोपी छात्र मन में रंजिश पाले हुए थे। मंगलवार दोपहर कॉलेज की छुट्टी के बाद मोहित पास स्थित एक कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर बाइक से घर लौट रहा था।

# पड़ोसी ने दुकानदार को डंडे से पीटकर घायल किया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में रंजिश के चलते एक दुकानदार को डंडे से पीटकर घायल कर दिया गया।

यह घटना अस्तौली गांव में बुधवार सुबह हुई। घायल दुकानदार का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित प्रशांत ने बताया कि वह अपने घर में परचून की दुकान चलाते हैं। उनके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उनसे रंजिश रखता है। बुधवार सुबह आरोपी उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। उसने प्रशांत से अवैध वसूली की भी मांग की। जब प्रशांत ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन पर डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में प्रशांत के हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

प्रशांत का आरोप है कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है और आए दिन दुकान के सामने खड़ा होकर उनसे अभद्रता करता है।

# मोबाइल टावरों से आरआरयू चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

## गैंग बनाकर देते थे वारदात को अंजाम, हथियार बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस ने मोबाइल टावरों से आरआरयू चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के आरआरयू और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

दरअसल, कुछ दिन पहले दादरी थाना क्षेत्र में मोबाइल टावरों से आरआरयू चोरी की कई वारदातें हुई थीं। संबंधित कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राहुल शर्मा, रोहित



बंसल और अनुज कुमार को डिलाइट पैलेस घोड़ी बछेड़ा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 02 टावर आरआरयू बरामद हुए हैं। राहुल शर्मा के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) मिला, जबकि रोहित बंसल के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे तीनों एक गिरोह के रूप में काम करते थे। वे दिन के समय मोबाइल टावरों की रेकी करते थे और रात में टावर में लगे आरआरयू चुरा लेते थे। चोरी किए गए सामान को बेचकर वे अपने शौक-मौज में पैसे खर्च करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि पकड़े जाने के डर से वे अपने पास अवैध हथियार रखते थे।

# नोएडा में मोबाइल स्नैचिंग गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

## चोरी की स्पोर्ट्स बाइक से करते थे वारदात, पलभर में उड़ाते थे मोबाइल

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना सेक्टर-142 पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक का इस्तेमाल कर वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी और छीने गए तीन मोबाइल फोन, अवैध हथियार और एक चोरी की स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र में



मोबाइल फोन स्नैचिंग की कई घटनाएं सामने आई थीं। जांच में पता चला कि कुछ लोग तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर आते थे और पलक झपकते ही मोबाइल छीनकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने इन मामलों में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज, लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद, पुलिस ने सुल्तान सिंह उर्फ मयंक, कृष्ण कुमार और राजकुमार नामक तीनों आरोपियों को क्रासा कट सेक्टर-140 के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू भी मिले हैं।

# साथी हाथ बढ़ाना ग्रुप ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे गर्म कंबल

**ग्रेटर नोएडा ।** किसान चौक के पास फ्रेंड्स एनक्लेव कॉलोनी में राजेंद्र कविता वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित जरूरतमंद बच्चों के स्कूल में %साथी हाथ बढ़ाना ग्रुप% के सदस्यों ने गर्म कंबल वितरित किए।

ग्रुप की सदस्य अनीता प्रजापति और गौरव गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी हमने गरीब और जरूरतमंद बच्चों को कंबल प्रदान किए हैं। वर्तमान में सर्दी का प्रकोप बहुत बढ़ गया है और गर्म कपड़ों से ही ठंड से बचाव संभव है। इस दौरान बच्चों को सर्दी में खुद को स्वस्थ रखने के तरीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रत्युष कुमार और अंकित शंखधर ने कहा कि कंबल पाकर सभी बच्चे बहुत खुश हुए। ग्रुप का निरंतर प्रयास है कि समय-समय पर किसी न किसी रूप में जरूरतमंद लोगों की मदद की जाए। इस नेक कार्य में सरोज शर्मा, रंजीत सिंह, अंकित शंखधर, अनीता प्रजापति, गौरव गुप्ता, प्रत्युष कुमार तथा स्कूल की अध्यापिका रेखा जी उपस्थित रहे।



# धर्मांतरण के बाद युवती से यौन शोषण, शिक्षक गिरफ्तार

- छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर पूरनपुर में चार दिन रखा बंधक
- ब्रेनवॉश कर बदली युवती की सोच, परिजनों को हुआ था शक

**पीलीभीत।** जनपद में धर्मांतरण और यौन शोषण का एक गंभीर मामला सामने आया है। समुदाय विशेष के एक शिक्षक पर अपनी छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर उसका मानसिक ब्रेनवॉश करने, धर्मांतरण कराने और पूरनपुर में बंधक बनाकर यौन शोषण करने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने आरोपी शिक्षक दिलनवाज को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताया गया कि पीड़ित युवती 16 दिसंबर से लापता थी। परिजनों ने 18 दिसंबर को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

रविवार को आरोपी के इरादों को भांपकर युवती किसी तरह उसके चंगुल से निकलकर थाने पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार दिलनवाज सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के रायबिचपुरी गांव का निवासी है। वह वर्ष 2020 तक पूरनपुर के एक स्कूल में शिक्षक था। इसी दौरान उसने कक्षा 10 में पढ़ने वाली छात्रा को अपने झांसे में ले लिया।

स्कूल से अलग होने के बाद भी आरोपी लगातार मोबाइल संदेशों के जरिए युवती के संपर्क में बना रहा और धीरे-धीरे उसे मानसिक रूप से प्रभावित करता गया।

### चार दिन तक कमरे में बंधक रखकर किया शोषण

सीओ पूरनपुर प्रतीक दहिया ने बताया कि 16 दिसंबर को आरोपी ने फोन कर युवती को बुलाया और उसे पूरनपुर ले गया। वहां आबादी क्षेत्र के एक कमरे में उसे चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। दिन में आरोपी स्कूल चला जाता था और रात में युवती के पास पहुंचता था। खाने के नाम पर केवल नमकीन बिस्किट दिए जाते थे। इस दौरान युवती पर धार्मिक गतिविधियां करने का दबाव बनाया गया और उसका शारीरिक शोषण किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि बीते कुछ महीनों से युवती के व्यवहार में बदलाव आ रहा था। परिजनों के अनुसार वह विशेष समुदाय की प्रशंसा करने लगी थी और अपने ही समुदाय की परंपराओं पर सवाल उठाने लगी थी।

हालांकि परिजनों ने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन अब पूरे मामले का खुलासा होने पर उन्होंने पुलिस को सभी जानकारियां दीं।

12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद युवती ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने बरेली चली गई थी। इसके बावजूद आरोपी उससे मिलने जाता रहा। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती को अपने साथ बाहर ले जाने की योजना भी बनाई थी। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर पहले से दर्ज मुकदमे को संगीन धाराओं में तब्दील कर दिया है। आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण, यौन शोषण, फुसलाकर ले जाने और बंधक बनाने जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। आरोपी दो पुत्रियों का पिता है और लंबे समय से पूरनपुर क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस उसके मोबाइल फोन और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

यह भी आशंका जताई जा रही है कि कहीं आरोपी ने अन्य युवतियों को भी अपने चंगुल में न फंसाया हो।

इंस्पेक्टर अशोक पाल सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में नौ वन रक्षकों को मिली पदोन्नति, बने वन दरोगा



**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में कार्यरत वन रक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिला है। वर्ष 2020 में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त किए गए नौ वन रक्षकों को पदोन्नत करते हुए वन दरोगा के पद पर तैनात किया गया है। इन सभी की पदोन्नति की तिथि 22 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पदोन्नति आदेश जारी करते हुए सभी नवपदोन्नत वन दरोगाओं को क्षेत्रीय स्तर पर बैज (स्टार) लगाए गए। पदोन्नति मिलने से विभागीय कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। वन दरोगा के पद पर पदोन्नत होने वालों में जितेंद्र सिंह कसाना, अजीत वर्मा, फहीम अहमद, यशवीर सिंह, हर्षित कुमार डम्पी, दीपक कुमार, विक्की कुमार, नईम अली, बृजपाल सिंह शामिल हैं। वन संरक्षण कार्यों को मिलेगी मजबूती वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अनुभवी वन रक्षकों को पदोन्नति मिलने से वन्यजीव संरक्षण, अवैध कटान रोकने और टाइगर रिजर्व क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। नवपदोन्नत वन दरोगाओं से विभाग को बेहतर कार्य निष्पादन की अपेक्षा है।

# शार्ट न्यूज

## डांस टीचर ने स्टूडेंट से की गंदी हरकत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 17 साल की नाबालिग छात्रा के साथ टीचर ने गंदा काम किया। छात्रा टीचर से डांस सीखने जाती थी। छात्रा के गुमसुम रहने पर मां को चिंता हुई। उन्होंने काफी जोर देकर पूछा तो छात्रा रोने लगी और पूरी आपबीती सुनाई। उसने बताया- डांस टीचर लगातार मुझे फिजिकली टॉर्चर कर रहा है। अपने कपड़े उतारकर मेरे प्राइवेट पार्ट्स को छूता है। मुझे होटल के कमरे में चलने की जबरदस्ती करता है। बेटी की बात सुनकर मां शॉक्ड रह गई। मां ने लिंकरोड थाने में आरोपी डांस टीचर के खिलाफ मंगलवार को स्नङ्घक्रदर्ज कराई है। 17 वर्षीय पीड़िता, गाजियाबाद के लिंक रोड की एक सोसायटी में अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ रहती है। वह एक प्रतिष्ठित इंटर कॉलेज में पढ़ती है। मां ने बताया- बीते 10 नवम्बर से उसने डांस क्लासेस ज्वाइन की थी। वह काफी दिनों से गुमसुम रहने लगी थी। कई बार मां ने पूछा लेकिन उसने कुछ बताया नहीं। 3-4 दिन तक ऐसा ही चला। पीड़िता की मां ने बताया- उसको परेशान देखकर मन में डर पैदा हो गया।

## डॉक्टर के बेटे की 2 कंपाउंडर्स ने की हत्या

बदायूं। बदायूं में दो कंपाउंडर्स ने मिलकर बंगाली डॉक्टर के बेटे की हत्या कर दी। सोते समय उसे बेरहमी से मार डाला। पहले हाथ-पैर और पेट में कैंची से कई बार हमले किए। फिर उसे एनेस्थीसिया का इंजेक्शन दिया।हाथ-पैर में ईंट बांधकर डॉक्टर के घर के पीछे तालाब में फेंक दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक के पास हत्यारोपी एक कंपाउंडर की मां का अश्लील वीडियो था। वह उस वीडियो को दिखाकर कंपाउंडर को चिढ़ाता था। डॉक्टर के बेटे की हरकत से तंग आकर उसने साथी कंपाउंडर के साथ उसे मौत के घाट उतार दिया। दूसरे कंपाउंडर को चोरी के आरोप में डॉक्टर ने कुछ दिन पहले ही भगाया था। वारदात बदायूं जिले के बेहटा कस्बे की 19 दिसंबर की रात की है। डॉक्टर अपने परिवार के साथ पश्चिम बंगाल गया था और उसका बेटा घर पर अकेला ही था। 22 दिसंबर को तालाब के पीछे बेटे का शव उतराता मिला। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों कंपाउंडर्स को अरेस्ट किया तो हत्या पर से पर्दा उठता चला गया।

## पुलिस ने पैर में गोली मारी, फिर भी भागा आरोपी

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ पुलिस को चकमा देकर एनकाउंटर में घायल 25 हजार के इनामी आरोपी अस्पताल से भाग गया। मंगलवार को पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर पकड़ा था, उसे अस्पताल लेकर आई और भर्ती कराया। रात में पुलिस वाले खाना खाकर सो गए। उन्हें सोता देखकर आरोपी लंगड़ाते हुए भाग गया। जिला मेडिकल कॉलेज से आरोपी के फरार होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में एसपी ने दरोगा केशव समेत सिपाही गुलशन, विनोद और आनंद को सस्पेंड कर दिया। जांच के भी आदेश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक, 20 दिसंबर को जावेद अली ने सात साल की बच्ची से रेप का प्रयास किया। बच्ची के चीखने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। यह देख जावेद मौके से फरार हो गया। 21 दिसंबर को व्यापारियों ने जावेद को पकड़ने के लिए प्रदर्शन किया था। पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया। 23 दिसंबर मंगलवार को पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी जावेद बाइक से आता दिखा।

## नाबालिग ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**बागपत।** बागपत में बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग बच्ची ने जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में शिकायत पत्र सौंपा है। बच्ची ने आरोप लगाया है कि करीब 10 दिन पहले दो अज्ञात युवकों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश किया और फिर उसका अपहरण कर लिया। शिकायत पत्र में नाबालिग ने यह भी आरोप लगाया है कि अपहरण के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद उसने पुलिस से मदद मांगी, लेकिन उसके अनुसार पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। इस कारण वह डरी हुई और निराश है। नाबालिग ने डीएम से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उसने उम्मीद जताई है कि अपराधियों को कठोर सजा मिलेगी, जिससे अन्य बच्चों के लिए भी सुरक्षित माहौल सुनिश्चित हो सकेगा। इस घटना से इलाके के लोगों में चिंता और आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय समाजसेवी और महिला संगठन भी इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने की अपील कर रहे हैं।

## धू धू कर जली कार, चालक ने कूद कर बचाई जान

**महेश सिंह विशाल इंडिया**



**लखनऊ।** कार में आग लगने की खबरें आम हो गई है और इसके मुख्य कारण ईंधन रिसाव या शॉट सर्किट का मुख्य कारण बन रहा। वहीं बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया जब चलती कार संख्या एमएच 12 एनपी 1286 में अचानक आग लग गई और कुछ ही पलों में कार आग के गोले में बदल गई ये पूरी घटना गोमती नगर के मिठाई वाले चौराहे के फ्लाई ओवर की है। घटनाक्रम के दौरान अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कार में बैठे सभी लोग समय रहते कार से सुरक्षित निकल आए। वहीं घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेट मौजूद हुई और करीब तीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद कर्मचारी मनीष, गंगा मणी सिंह, व रजनीश वर्मा ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**कानपुर।** कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने लूट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूट में प्रयुक्त चोरी की बाइक भी बरामद की है। यह गिरफ्तारी 30 नवंबर को हुई लूट की घटना से जुड़ी है। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मंगलवार देर रात मुखबिर की सूचना पर रामादेवी से नौबस्ता जाने वाले पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल कुमार निवासी ग्राम निहारी, थाना शिवली, जनपद कानपुर देहात बताया। पुलिस के अनुसार, 30 नवंबर को फतेहपुर के बिंदकी निवासी प्रदीप नौबस्ता से अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे।

## जनता को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**ललितपुर ।** जाखौरा पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल, थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल, ग्राम थनवारा में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।

# मिशन शक्ति-5 : थाना-गांव से स्कूल तक महिला सुरक्षा का संदेश

## पीलीभीत में घर-घर पहुंची पुलिस, छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव का दिया प्रशिक्षण






**पीलीभीत।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जिले में मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बुधवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा केंद्र की टीमों ने घर-घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी। वहीं आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला में छात्राओं को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के गुर सिखाए गए।सात थाना क्षेत्रों में एक साथ चला जागरूकता अभियान माधोटांडा, बरखेड़ा, सुनगढ़ी, महिला थाना, घुंघचाई, दियोरिया कला और अमरिया थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा केंद्र टीमों ने गांवों और मोहल्लों में भ्रमण किया। टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, लैंगिक अपराध और साइबर ठगी से जुड़ी जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें और तत्काल पुलिस से संपर्क करें। महिला कानूनों और हेल्पलाइन की दी जानकारी जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही 112 आपात सेवा, महिला हेल्पलाइन 1090 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे नंबरों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

# दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट का वांक्षित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर तथा अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर नीतीश कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पांडे के नेतृत्व में बड़ी सफलता प्राप्त की है।दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट से संबंधित गंभीर धाराओं में वांक्षित युवक को कोतवाल श्रीनिवास पांडे के नेतृत्व में अकबरपुर कोतवाली पुलिस टीम ने न्यौतारिया मोड के पास से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकदमा अपराध संख्या 944/25 दुष्कर्म तथा पासको एक्ट से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त राज मोहम्मद उर्फ भूरा की अकबरपुर कोतवाली पुलिस मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से तलाश कर रही थी।जो लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। क्षेत्राधिकारी सदर नीतीश कुमार तिवारी तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर श्रीनिवास पांडे आरोपी को गिरफ्तार करने की चर्चा ही कर रहे थे कि तब तक मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की आरोपी न्यौतारिया मोड के पास कहीं भगाने के चक्कर में खड़ा है,प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पांडे के नेतृत्व में निरीक्षक संतोष शुक्ला के साथ पुलिस टीम ने तुरंत उक्त स्थान पर पहुंचकर दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले में वांक्षित आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमुख रूप से कोतवाल श्रीनिवास पांडे निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला कांस्टेबल अमरेश सरोज कांस्टेबल गुलाब यादव कांस्टेबल नरेंद्र कुमार कांस्टेबल प्रेम कुमार यादव शामिल रहे।

## 4 लाख रिश्वत लेते क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर अरेस्ट

**मेरठ।** मेरठ में इंस्पेक्टर को 4 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। एंटी करप्शन टीम जब उसे गाड़ी में बैठाने लगी तो वह हेकड़ी दिखाने लगा। टीम को हड़काया और मामला सेटल करने को कहा, लेकिन टीम ने उसकी एक न सुनी। इसके बाद वह मुंह छिपाता रहा। इंस्पेक्टर का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह हाथ से अपना मुंह ढकता है। फिर हाथ हटा लेता है, लेकिन रौबदार स्टाइल में चलता है। एंटी करप्शन टीम इंस्पेक्टर को कंकरखेड़ा थाने लेकर पहुंची। यहां उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी इंस्पेक्टर का नाम महेंद्र कुमार है। अभी वह हापुड़ में क्राइम ब्रांच में तैनात है।

## सड़क सुरक्षा में लापरवाही पर डीएम, कप्तान हुए सख्त

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर अवैध कटों के स्थिति का जायजा जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने लिया और कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारीअनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर द्वारा अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर मानकों के विपरीत बंद कराए गए अवैध कटों की स्थिति का स्थलीय औचक निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बंद किए गए कटों को पुन: खोलने अथवा नए अवैध कट बनाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि कहीं भी अवैध कट पाए जाते हैं तो उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए,ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था सुरक्षित व सुचारु बनी रहे। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए इसे ठीक करने के लिए कड़ाई से निर्देश दिया।

# मेरठ में पुलिसवालों पर हमला, सिपाही को न्यूड कर पीटा

### पिस्टल छीन ली; डंडे मारकर हाथ तोड़ा; गाड़ी में तोड़फोड़ की

मेरठ। मेरठ में पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। भीड़ ने पुलिस की गाड़ी तोड़ डाली और सिपाहियों को घेर लिया।

भीड़ ने एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी। उसे न्यूड कर दिया और जमकर पीटा। उसकी पिस्टल भी छीन ली।

सूचना पाकर पहुंची फोर्स ने भीड़ से घिरे पुलिसकर्मियों को छुड़ाया। पिटाई से तीन सिपाही घायल हुए हैं। क्राइम ब्रांच और लोकल थाने के सिपाही मंगलवार देर रात गोकशी के आरोपियों को पकड़ने पहुंचे थे।

पुलिस ने सठला से तीन युवकों को हिरासत में लिया है। एक युवक की बहन ने थाने पहुंचकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा- पुलिसकर्मी बिना वर्दी के गांव पहुंचे थे।

उसके भाई सहित अन्य युवकों को जबरन उठाकर थाने ले आए। मामला सठला थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास का है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 – आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 – महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी।

अंत में स्पष्ट संदेश दिया गया कि, नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है। जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त महसूस कर सके।

# जनपद के ग्रामीण अंचलों व दूरदराज से आये फरियादियों को मौके पर ही मिल रहा उनकी समस्या का समाधान



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर वासियों को उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान मिल रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी प्रतिदिन नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनका सम्बंधित अधिकारियों से प्रभावी निस्तारण करा रहे हैं।

अधिकतर शिकायतों का निस्तारण वे अपने चैंबर से ही करा देते हैं। वे फरियादियों की समस्या को सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तत्काल निस्तारण कराकर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हैं और कुछ मामलों में अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर समस्या का समाधान कराते है। इसी श्रंखला में बुधवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें ग्राम भारौन में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री माधुरी शर्मा ने उ0प्र0 ग्रामीण बैंक धौर्रा द्वारा अभर्द्र व्यवहार करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवगत कराने के निर्देश दिये।

# पुलिस ने साइबर अपराधों के प्रति लोगों को किया जागरूक



**ललितपुर ।** बार पुलिस द्वारा साइबर अपराध के प्रति जनता को किया जागरुक पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल, थाना बार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पलवारा में लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई ।डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें ।

सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्किये ने अफगान-पाकिस्तान सीमा पर पकड़ा आईएस का आतंकी

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये की खुफिया एजेंसियों ने अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा के पास आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक शीर्ष सदस्य को गिरफ्तार किया है। इसके चलते तुर्किये और अन्य जगहों पर आत्मघाती हमलों की योजना को विफल किया गया। तुर्किये की सरकारी समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी अनादोलू ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान मेहमत गोरेन के रूप में हुई है। वह आईएस-खेरासन शाखा का सदस्य था, जिसका मुख्यालय अफगानिस्तान में है। गोरेन को गोपनीय अभियान के जरिये पकड़ा गया और तुर्किये भेजा गया। यह स्पष्ट नहीं है कि यह अभियान कब चलाया गया और अफगान और पाकिस्तानी अधिकारी इसमें शामिल थे या नहीं। रिपोर्ट के अनुसार, गोरेन आईएस संगठन में ऊपर तक पहुंच चुका था और उसे तुर्किये, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूरोप में आत्मघाती हमले करने का काम सौंपा गया था। आईएस ने तुर्किये में पहले भी हमले किए हैं, जिनमें एक जनवरी 2017 को इस्तांबुल के एक नाइट क्लब पर गोलीबारी शामिल है, जिसमें 39 लोग मारे गए थे।

### इटली के नियामक ने एपल पर लगाया 116 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**रोम, एजेंसी।** इटली की एंटीट्रस्ट एजेंसी (बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने का काम करने वाली संस्था) ने सोमवार को एप्पल पर 98.6 मिलियन यूरो (लगभग 116 मिलियन डॉलर) का जुर्माना लगाया। एजेंसी ने पाया कि एप्पल के एक प्राइवेसी फीचर ने एप स्टोर में प्रतिस्पर्धा को रोकने का काम किया। एंटीट्रस्ट एजेंसी ने कहा कि एप्पल ने अपनी प्रभावशाली स्थिति का दुरुपयोग किया। इसकी एप ट्रैकिंग ट्रांसपेरेंसी (एटीटी) नीति के तहत, एप्स को यूजर्स से अनुमति लेनी होती है ताकि वे व्यक्तिगत विज्ञापनों के लिए डाटा एकत्र कर सकें। एप्पल ने अप्रैल 2021 में आईफोन और आईपैड ऑपरेटिंग सिस्टम के अपडेट के हिस्से के रूप में एटीटी फीचर पेश किया। हालांकि यह फीचर प्राइवेसी मजबूत करने के लिए था, लेकिन बड़ी टेक कंपनियों के प्रतिस्पर्धियों ने इसकी आलोचना की और कहा कि इससे छोटी एप्स का कारोबार मुश्किल में आ जाएगा। एंटीट्रस्ट एजेंसी ने नीति की आलोचना सीधे तौर पर नहीं की। लेकिन कहा कि यूरोप के कड़े प्राइवेसी नियमों के तहत थर्ड-पार्टी एप डेवलपर्स को यूजर से दो बार अनुमति लेनी पड़ती है।

### कक्षा में उपग्रह स्थापित नहीं कर सका जापानी एच3 रॉकेट

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान का नौवहन (नेविगेशन) उपग्रह ले जाने वाले एच3 रॉकेट पेलोड को कक्षा में स्थापित करने में विफल हो गया है। देश के नए प्रमुख रॉकेट और उसके अंतरिक्ष प्रक्षेपण कार्यक्रम के लिए इसे एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे पहले, 2023 में भी इसकी पहली उड़ान असफल रही थी। हालांकि, उसके बाद इस रॉकेट ने छह सफल उड़ानें भरी थीं। जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जेएएक्सए ने कहा कि केंद्र से रवाना होने के बाद इंजन ने समय से पहले ऊर्जा उत्पादन बंद कर दिया और उपग्रह का रॉकेट से अलग होना सुनिश्चित नहीं हो सका।

### अमेरिका में घुसपैठिये ने आईसीई अफसरों को कार से मारी टक्कर

**मिनेसोटा, एजेंसी।** अमेरिका के मिनेसोटा में क्यूबा के एक घुसपैठिये ने आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों को एसयूवी से टक्कर मार कर घायल कर दिया और मौके से फरार होने की कोशिश की। हालांकि, आईसीई के एक एजेंट ने गोली मारकर उसे काबू कर लिया। यह घटना आईसीई अधिकारियों के अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के बीच सामने आई है, जिससे पूरे अमेरिका में तनाव बढ़ रहा है। पिछले हफ्ते, पड़ोसी मिनियापोलिस में आईसीई एजेंटों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई थी।

### जर्मनी में बस स्टॉप से टकराई कार, 3 लोग घायल

**बर्लिन, एजेंसी।** अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जर्मनी में एक चालक ने अपनी कार एक बस स्टॉप में घुसा दी, जिससे तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अजरबैजान के 32 वर्षीय चालक को हिरासत में ले लिया गया है। यह दुर्घटना फ्रैंकफर्ट शहर से लगभग 53 किलोमीटर उत्तर में स्थित गिएसेन कस्बे में हुई। पुलिस ने एक बयान में कहा कि घटना के सटीक हालात फिलहाल अज्ञात हैं। जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि गिएसेन निवासी चालक ने पहले एक ही दिशा में जा रही दो कारों को टक्कर मारी और फिर बस स्टॉप पर पैदल यात्रियों को कुचल दिया। इसके बाद वह ऑडी कार चलाता रहा, फिर रुका और पुलिस अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# गाजा 9.3 लाख करोड़ रुपए में स्मार्ट सिटी बनेगी

## ट्रम्प सरकार 5 लाख करोड़ देगी, यहां लग्जरी रिसॉर्ट होंगे और हाई स्पीड ट्रेन चलेगी





**गाजा, एजेंसी।** अमेरिका ने युद्ध से तबाह हो चुके गाजा को दोबारा खड़ा करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना पेश की है। इस योजना के तहत गाजा को करीब 9.3 लाख करोड़ रुपए (112 अरब डॉलर) की लागत से एक आधुनिक स्मार्ट सिटी में बदला जाएगा। इसमें से लगभग 5 लाख करोड़ रुपए (60 अरब डॉलर) की मदद अमेरिकी सरकार देगी। इस प्रोजेक्ट में लग्जरी रिसॉर्ट, बीच होटल और हाई-स्पीड ट्रेन जैसी सुविधाएं बनाने की बात कही गई है। इस योजना को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर और अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने तैयार किया है। इसे 'प्रोजेक्ट सनराइज' नाम दिया गया है। इसका मकसद सिर्फ गाजा को मलबे से बाहर निकालना नहीं, बल्कि उसे एक आधुनिक, तकनीक से चलने वाला और अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाना है। निवेशक देशों के सामने इस प्रोजेक्ट को 32 स्लाइड की पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए दिखाया जा रहा है।

**गाजा को ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाया जाएगा :** प्लानिंग के मुताबिक गाजा के भूमध्यसागर तट पर लग्जरी बीच रिसॉर्ट, फाइव स्टार होटल, मरीना और एंटरटेनमेंट जोन बनाए जाएंगे ताकि इसे एक ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाया जा सके। शहर के अंदर सफर के लिए हाई-स्पीड ट्रेन नेटवर्क, चौड़ी और आधुनिक सड़कें और मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा। बिजली की समस्या से जूझ रहे गाजा में एआई से चलने वाला स्मार्ट पावर ग्रिड लगाया जाएगा, जिसमें सोलर और अन्य नवीकरणीय एनर्जी का इस्तेमाल होगा। इसके साथ ही गाजा को एआई आधारित स्मार्ट सिटी बनाने की बात है, जहां डिजिटल गवर्नेंस, ई-गवर्नेंस सिस्टम, डेटा प्लेटफॉर्म और एक चीफ डिजिटल ऑफिस होगा। व्यापार और रोजगार बढ़ाने के लिए फ्री ट्रेड जोन, इंटरनेशनल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट, टेक्नोलॉजी हब, इनोवेशन लैब और स्टार्टअप सेंटर भी बनाए जाएंगे, ताकि गाजा को लोकल इकोनॉमिक हब बनाया जा सके।

**10 साल तक चलेगा मेगा प्रोजेक्ट :** इस पूरे मेगा प्रोजेक्ट पर अगले 10 सालों में चरणबद्ध तरीके से खर्च किया जाएगा। अमेरिका करीब 5 लाख करोड़ की राशि ग्रांट और कर्ज की गारंटी के रूप में देगा, जबकि बाकी पैसा खाड़ी देशों, यूरोप और दूसरे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से जुटाया जाएगा। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर आगे बढ़ाने की तैयारी है। हालांकि इस योजना के सामने कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती करीब 20 लाख फिलिस्तीनियों के पुनर्वास की है। जब गाजा में निर्माण शुरू होगा, तो इतनी बड़ी आबादी को अस्थायी तौर पर दूसरी जगह बसाना पड़ेगा। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उन्हें कहां रखा जाएगा। दूसरी बड़ी समस्या युद्ध के बाद जमा हुआ करोड़ों टन मलबा है, जिसे हटाने में अरबों डॉलर और लंबा समय लगेगा।

**इजराइली हमलों में 65 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए :** राजनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी दिक्कतें भी कम नहीं हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की एक शर्त हमास का निरस्त्रीकरण है। लेकिन मौजूदा हालात में हमास का इसके लिए तैयार होना मुश्किल माना जा रहा है, जिससे इस पूरी योजना के अमल पर बड़ा सवाल खड़ा होता है। गौरतलब है कि पिछले दो साल से चल रहे गाजा युद्ध में इजराइल के हवाई और जमीनी हमलों से अब तक 65 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हैं। करीब 23 लाख की आबादी वाले गाजा में से लगभग 20 लाख लोग बेघर हो चुके हैं, यानी करीब 90% आबादी को अपना घर छोड़ना पड़ा है। ऐसे हालात में अमेरिका की यह योजना गाजा को एक नई शुरुआत देने का दावा करती है, लेकिन इसे जमीन पर उतारना बेहद चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।

### नेपाल सेना ने संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जताई प्रतिबद्धता

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल सेना (एनए) ने सोमवार को देश के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि उसने कभी कोई राजनीतिक एजेंडा आगे नहीं बढ़ाया। सेना ने यह भी कहा कि उसने के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद स्थिति को सामान्य बनाने के दौरान लिए गए निर्णयों का पूरी तरह सम्मान किया।

सेना का यह बयान मीडिया और राजनीतिक धड़े की ओर से उठाए गए सवालों के जवाब में आया। उन्होंने 8 और 9 सितंबर को जेन-जी आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा में सेना की भूमिका को लेकर सवाल किए थे। जेन-जी आंदोलन के दूसरे दिन ओली सरकार के पतन के बाद जब राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति बनी, तब नेपाल सेना की मदद से देश में सुरक्षा स्थिति सामान्य हुई और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और नेपाल सेना नेतृत्व के सहयोग से अंतरिम सरकार का गठन हुआ। सेना ने राष्ट्रीय समाचार समिति (आरएसएस) को दी गई एक रिपोर्ट में कहा, एक प्रमुख सरकारी संस्था की जिम्मेदारी है कि संकट का जल्द प्रबंध करने के लिए हितधारकों के बीच संवाद को सुगम बनाए, ताकि यह और खराब न हो।

### नीदरलैंड में भीषण सड़क हादसा, क्रिसमस परेड का इंतजार कर रहे लोगों को कार ने मारी टक्कर; 9 घायल

**डच, एजेंसी।** पुलिस ने बताया कि सोमवार रात पूर्वी डच शहर में एक परेड देखने के लिए इंतजार कर रही भीड़ में एक कार घुस गई, जिससे नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से कम से कम तीन गंभीर रूप से घायल हैं। गेलडरलैंड पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि घटना शुरू में जानबूझकर की गई प्रतीत नहीं होती है, लेकिन वे इसकी जांच कर रहे हैं। एम्स्टर्डम से लगभग 80 किलोमीटर पूर्व में स्थित नुनस्पेट शहर में लोग क्रिसमस की रोशनी से सजे वाहनों की परेड देखने के लिए इंतजार कर रहे थे।

पास के एल्बर्ग नगर पालिका ने सोशल मीडिया पर बताया कि घटना के बाद परेड रोक दी गई। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक 56 वर्षीय महिला थी, जिसे मामूली चोटें आई थीं। पुलिस ने बताया कि गंभीर सड़क दुर्घटना की स्थिति में सामान्य प्रक्रिया के अनुसार उसे हिरासत में लिया गया है। उन्होंने इसके अलावा कोई और जानकारी नहीं दी।

### बांग्लादेश में मीडिया पर हमला करने वाले 17 अरेस्ट, संपादक बोले- खत्म हो गई बोलने की आजादी




**ढाका, एजेंसी।** उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में भड़की हिंसा में मीडिया संस्थानों को बुरी तरह निशाना बनाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई पत्रकारों को बंधक भी बना लिया गया था। बांग्लादेश प्रशासन का कहना है कि इस मामले में अब तक 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कुल 31 संदिग्धों की पहचान की गई है। भीड़ ने डेली स्टार और प्रथोम आलो की ऑफिस पर हमला किया था और लूटपाट के बाद आग लगा दी गई थी। घटना के वीडियो की जांच किए जाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तार किया गया है। इस हमले के बाद बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्रों के संपादकों ने सोमवार को कहा कि देश में मीडिया अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और अभिव्यक्ति की आजादी के बजाय अब मुख्य मुद्दा जीवित रहने का अधिकार है। घटना के दौरान कई पत्रकार और कर्मचारी घंटों तक अंदर फंसे रहे क्योंकि पुलिस और अग्निशमन कर्मियों को शुरू में घटनास्थल पर पहुंचने से रोक दिया गया था। बांग्लादेश में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि दोनों अखबारों के संपादकों की सुरक्षा के लिए उन्हें गनमैन दिए गए हैं। इसके अलावा उनके घरों की भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद नईम, मोहम्मद अकरम, अहमद सागर, अब्दुल अहाद, नजरुल इस्लाम, मोहम्मद जहांगीर और अन्य शामिल हैं। 'डेली स्टार' के संपादक और प्रकाशक महफूज अनम ने वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं, व्यापार जगत की हस्तियों और मीडिया संस्थानों के मालिकों की उपस्थिति में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अब मुख्य मुद्दा नहीं है। अब मुद्दा जीवित रहने का अधिकार है।

# बांग्लादेश की यूनुस सरकार गिराने की तैयारी! उस्मान हादी के संगठन ने दे दी बड़ी चेतावनी



**ढाका, एजेंसी।** मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर भी खतरा मंडरा रहा है। खबर है कि इस सरकार को स्थापित करने में मदद करने वाला इंकलाब मंच इसे हटाने के लिए आंदोलन शुरू कर सकता है। हालांकि, अभी अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है। संगठन के प्रवक्ता उस्मान हादी की मौत के बाद हत्यारे को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं। इंकलाब मंच ने फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू करने की बात कही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह चेतावनी रविवार को दी गए गे 24 घंटे के अल्टीमेटम के बाद आई है। उस अल्टीमेटम के बाद भी पुलिस की तरफ से कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई थी। इंकलाब मंच के पदाधिकारी अब्दुल्ला अल जाबर ने कहा, 'आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर गृह सलाहकार या संबंधित अधिकारियों की तरफ से कोई प्रत्यक्ष कदम लिए बगैर डेडलाइन गुजर गई।'

उन्होंने सोमवार को 3 बजे से ढाका में विरोध प्रदर्शन शुरू करने की बात कही थी। साथ ही कहा था कि उस दौरान तय किया जाएगा कि यूनुस प्रशासन का समर्थन करना है या 'उसे हटाने के लिए आंदोलन की शुरुआत करना है।' उन्होंने आरोप लगाए कि हाल ही में मंत्रालय की ब्रीफिंग से गृह सलाहकार और उनके विशेष सचिव की गैरमौजूदगी इस घटना को कम दिखाने की कोशिश की थी। बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी शहर खुलना में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने 2024 के छात्र-नेतृत्व वाले हिंसक आंदोलन के दूसरे नेता मोतालेब सिकदर के सिर में गोली मार दी। यह हमला प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ। एनसीपी (नेशनल सिटिजन पार्टी) की संयुक्त प्रधान समन्वयक महमूदा मितु ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'एनसीपी के खुलना डिवीजन के प्रमुख और पार्टी के कार्यकर्ता मोर्चे के केंद्रीय समन्वयक मोहम्मद मोतालेब सिकदर को कुछ मिनट पहले गोली मार दी गई।' मितु पेशे से चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि सिकदर को गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

हादी की सिंगापुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। हादी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों में उम्मीदवार थे। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने शनिवार को हादी की मौत पर राष्ट्रव्यापी शोक का आयोजन किया और कहा कि उनके हत्यारों को पकड़ने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हादी पर हमले और उसके बाद हुई उसकी मौत को लेकर ढाका और अन्य प्रमुख शहरों में हिंसा फिर से भड़क उठी।

# अदालत से ट्रंप प्रशासन को झटका, आदेश- जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को मिले अपील का अधिकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने ट्रंप प्रशासन को झटका देते हुए आदेश दिया है कि अल सल्वाडोर की जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को भी कानूनी अपील का अधिकार मिलना चाहिए। जज ने कहा कि या तो कैदियों को अदालती सुनवाई की सुविधा मिले या फिर उन्हें अमेरिका वापस लाया जाए। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स बोसबर्ग ने ट्रंप सरकार को उन लोगों के लिए दो हफ्ते के अंदर एक योजना बनाने का आदेश दिया, जिन्हें बाद में अल सल्वाडोर से कैदियों की अदला-बदली में वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था।

**जज ने आदेश में क्या कहा :** बोसबर्ग ने आदेश में लिखा, 'याचिकाकर्ताओं को उस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए था, जिस तरह से उन्हें हटाया गया, बिना किसी नोटिस के और उन्हें विरोध करने का कोई मौका भी नहीं दिया गया, जो उनके कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है।' ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन विरोधी कार्रवाई में यह मामला एक बड़ा कानूनी मुद्दा बन गया है। इसकी शुरुआत मार्च में हुई, जब ट्रंप सरकार ने 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करते हुए वेनेजुएला के आपराधिक गुटों के सदस्य होने के आरोप में कुछ अप्रवासियों को टेररिज्म कन्फाइनमेंट सेंटर नाम की जेल में भेज दिया गया था।

**जज के फैसले के बाद ट्रंप प्रशासन के फैसले को चुनौती दे सकेंगे निर्वासित किए गए लोग :** जुलाई में अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली में 200 से ज़्यादा प्रवासियों को वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था। डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा फेडरल बेंच में नियुक्त किए गए जज बोसबर्ग का यह फैसला, निर्वासित किए गए लोगों को इस आरोप को चुनौती देने का रास्ता खोलता है कि वे ट्रेन डी अरागुआ गैंग के सदस्य हैं और एलियन एनिमीज एक्ट के तहत उन्हें अमेरिका से निकाला जा सकता है। प्रवासियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एसीएलयू के वकील ली गेलर्नट ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण फैसला साफ करता है कि ट्रंप प्रशासन बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के लोगों को किसी बदनाम विदेशी जेल में नहीं भेज सकता और बस बच नहीं सकता।'

### अमेरिका का बड़ा फैसला- शिनजियांग में मानवाधिकार उल्लंघन उजागर करने वाले चीनी नागरिक की निर्वासन योजना रद्द



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने शिनजियांग क्षेत्र में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों को उजागर करने वाले एक चीनी नागरिक को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने गुआन हेंग नामक चीनी नागरिक को निर्वासित करने की योजना को वापस ले लिया है। इस फैसले का मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। मानवाधिकार वकील रेहान असत ने बताया कि गुआन हेंग के वकील को अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक पत्र मिला है, जिसमें निर्वासन की प्रक्रिया को रोकने की पुष्टि की गई है। असत के अनुसार, अब गुआन का शरण आवेदन सकारात्मक और सुचारू रूप से आगे बढ़ने की उम्मीद है। चीनी मानवाधिकार संगठन के कार्यकारी निदेशक झोउ फेंगसू ने भी इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा हम बेहद खुश हैं। यह मानवाधिकारों के पक्ष में अहम फैसला है।

**शिनजियांग में क्या किया था गुआन हेंग ने :** गुआन हेंग ने साल 2020 में शिनजियांग के कथित हिरासत शिविरों का गुप्त रूप से वीडियो बनाया था। मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि इन शिविरों में उइगर समेत करीब 10 लाख अल्पसंख्यकों को बंद किया गया है। चीन सरकार इन आरोपों से इनकार करती रही है। वीडियो सार्वजनिक करना चीन में संभव न होने के कारण गुआन 2021 में देश छोड़कर पहले हांगकांग और फिर इक्वाडोर पहुंचे। वहां से समुद्री रास्ते अमेरिका पहुंचे और बाद में वीडियो यूट्यूब पर जारी किया गया।

**परिवार पर बढ़ा दबाव :** वीडियो सामने आने के बाद गुआन की पहचान उजागर हो गई और चीन में उनके परिवार को सुरक्षा एजेंसियों ने तलब किया। इसके बाद गुआन ने अमेरिका में शरण मांगी और न्यूयॉर्क के पास एक छोटे शहर में रहने लगे। हालांकि, अगस्त में उन्हें इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट ने हिरासत में ले लिया था, जिसके बाद उनके निर्वासन की आशंका बढ़ गई थी। गुआन के समर्थन में अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्य सामने आए। टॉम लैंटोस मानवाधिकार आयोग ने कहा कि गुआन ने उइगरों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को उजागर करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली। डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने गृह सुरक्षा मंत्री को पत्र लिखकर गुआन को रिहा करने और उन्हें शरण देने की मांग की थी।

# अमेरिका के टेक्सास राज्य में मेक्सिकन नेवी का प्लेन क्रैश, 2 साल के बच्चे समेत 5 की मौत



**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। मेक्सिकन नौसेना का एक विमान गैल्वेस्टन खाड़ी के पानी में गिर गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें एक दो साल का बच्चा भी शामिल है। अमेरिकी कोस्ट गार्ड्स ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि विमान में कुल आठ लोग सवार थे। इनमें से चार लोगों को जिंदा बचा लिया गया, जबकि एक इंसान अब भी लापता है, जिसकी तलाश जारी है।

यह विमान आग में झुलसे हुए मरीजों को इलाज के लिए ले जा रहा था। इनमें बच्चे भी शामिल थे। विमान में मौजूद कुछ लोग एक संस्था से जुड़े थे, जो आग से झुलसे बच्चों की मदद करती है। गैल्वेस्टन काउंटी के शेरिफ ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, गोताखोर, ड्रोन टीम और दूसरी आपात सेवाएं मौके पर भेजी गईं। इसके तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। मेक्सिकन नौसेना ने भी हादसे की पुष्टि की है और कहा है कि वह अमेरिकी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। साथ ही ह्यूस्टन में मेक्सिकन दूतावास से भी संपर्क किया गया है। इस हादसे की जांच अब एफएए और एनटीएसबी जैसी अमेरिकी एजेंसियां कर रही हैं, ताकि पता चल सके कि विमान कैसे और क्यों गिरा। फिलहाल हादसे की असली वजह साफ नहीं हो पाई है। बचाव दल लापता इंसान की तलाश में जुटा है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

**मरीज को ले जा रहा था नौसेना का विमान :** यह दुर्घटना सोमवार को गैल्वेस्टन के पास एक पुल के आधार के पास हुई, जो टेक्सास तट के किनारे ह्यूस्टन से लगभग 50 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित है। मेक्सिको की नौसेना ने एक बयान में कहा कि विमान एक चिकित्सा अभियान में सहायता कर रहा था और दुर्घटना का शिकार हो गया। उसने दुर्घटना के कारणों की जांच करने का वादा किया। नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह खोज और बचाव अभियान में स्थानीय अधिकारियों की मदद कर रही है। टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी ने एक्स पर बताया कि फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों के दुर्घटनास्थल पर पहुंचने की उम्मीद थी।

**घटना की जांच जारी, कोहरे के चलते हादसे की आशंका :** गैल्वेस्टन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि उसकी गोताखोर टीम, अपराध स्थल इकाई, ड्रोन इकाई और गश्ती दल के अधिकारी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। शेरिफ कार्यालय ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'घटना की जांच जारी है और जैसे ही अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध होगी, उसे जारी किया जाएगा।'

उन्होंने आगे कहा कि जनता को उस क्षेत्र से दूर रहना चाहिए ताकि आपातकालीन बचावकर्मी सुरक्षित रूप से काम कर सकें। गैल्वेस्टन एक द्वीप है जो एक लोकप्रिय समुद्र तट पर्यटन स्थल है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि मौसम इसका एक कारण था या नहीं। हालांकि, राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी कैमरून बैटिस्ट के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में रोहित के तेज शतक से मुम्बई जीती

**जयपुर (एजेंसी)।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने मुंबई की ओर से खेलते हुए विजय हजारे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम के खिलाफ 155 रनों की आक्रामक पारी खेली। एक दशक के बाद ये टूर्नामेंट खेल रहे रोहित की इस शतकीय पारी से मुंबई ने सिक्किम को आसानी से हरा दिया। इस मैच में मुंबई को जीत के लिए 237 रनों का लक्ष्य मिला था। जिसे उसने 30.3 ओवर में ही दो विकेट पर 237 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार मुम्बई को 8 विकेट से जीत मिली है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की ओर से अंगकृष रघुवंशी और रोहित शर्मा की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 141 रन बनाये। अंगकृष रघुवंशी 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाये। वहीं रोहित एक छोर पर जमे रहे और उन्होंने शतकीय पारी खेली। उन्होंने 94 गेंदों में 18 चौके और नौ छक्के लगाकर 155 रनों रन बनाये। वह 30वें ओवर में क्रांति कुमार का शिकार बने। मुंबई ने 30.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। उस समय मुशीर खान 27 और सरफराज खान 8 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिक्किम ने 50 ओवरों में सात विकेट पर 236 रन बनाये। आशीष थापा ने सिक्किम की ओर से सबसे अधिक 79 रन बनाये। वहीं मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर ने छह ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए जबकि तुषार देशपांडे जबकि , तनुष कोटियान, शम्स मुलानी और मुशीर खान को एक-एक विकेट मिला।



## विराट ने विजय हजारे ट्रॉफी में शतकीय पारी के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरी किये

बेंगलुरु । अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक दशक के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए एक रन बनाते ही लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 16,000 रन पूरे कर लिए। इस प्रकार वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। वहीं इसी के साथ ही लिस्ट ए में वह इतने रन बनाने वाले विश्व के नौवे खिलाड़ी बन गये हैं। लिस्ट एक में इतने अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के अलावा श्रीलंका के कुमार संगकारा और वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचर्ड्स भी शामिल हैं। यहां बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विराट ने दिल्ली की ओर से खेलते हुए आंध्र प्रदेश के खिलाफ मैच में विराट ने शतक लगाने के दौरान ही ये उपलब्धि हासिल की। कोहली ने इससे पहले साल 2010-11 सत्र में विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की कप्तानी की थी। कोहली 308 मैचों में 58.46 के असाधारण औसत से 14,557 रन के साथ वनडे क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी हैं। उनके नाम इस प्रारुप में सबसे ज्यादा शतक भी हैं, उनके नाम 53 शतक हैं। वह लिस्ट ए क्रिकेट में तेंदुलकर के 60 शतकों के रिकॉर्ड का पीछा कर रहे हैं। उनके नाम अब 58 शतक हो गये हैं।



# आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एशेज सीरीज से बाहर हुए, एटकिंसन शामिल

**-ऑली की जगह बेथेल को मौका**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के बचे हुए दोनो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पायेंगे। पहले ही खराब प्रदर्शन से जूझ रही इंग्लैंड के लिए ये करारा झटका है। आर्चर ने अब तक इस सीरीज में अच्छी गेंदबाजी की है। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर होगी। आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। ये पहली बार नहीं है जब आर्चर चोटिल हुए हैं। वह पिछले चार साल से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की परेशानियों से जूझते जा रहे हैं। इसी कारण अधिकतर समय मैदान से बाहर रहे हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) में शुरू होगा। वहीं पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर बुधवार को अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे थे पर कर नहीं पाये। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह दौरे के बचे हुए दोनो मैचों से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने तीन टेस्ट मैचों में 27.11 की औसत से 9 विकेट लिए थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने चौथे टेस्ट मैच के लिए बुधवार को अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इसके अलावा बल्लेबाज ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में लिया गया है। वहीं बेन डकेट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम में बने हुए हैं।

**टीम इस प्रकार है**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोश टोंग।

# वैभव ने विजय हजारे ट्रॉफी में 36 गेंदों में ही शतक लगाकर बनाये कई रिकार्ड



**मुम्बई (एजेंसी)।** बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ हुए मुकाबले में 36 गेंदों में ही शतक लगाकर एक एकसाथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। वैभव ने इस मैच में 36 गेंदों में ही शतक लगाकर जहूर इलाही का 39 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इसके अलावा वैभव अब भारतीय टीम की ओर से लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले भारतीय टीम की ओर से लिस्ट ए में सबसे तेज शतक का रिकार्ड अनमोलप्रीत सिंह के नाम था। अनमोलप्रीत ने 35 गेंदों में ही सबसे तेज शतक लगाया था।

वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाये तो सबसे तेज लिस्ट-ए शतक का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर-मैकगर्क के नाम है। जेक फ्रेजर ने केवल 29 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स हैं। डिविलियर्स ने 31 गेंदों में शतकीय पारी खेली थी। भारतीय भारत की ओर से इस सूची में अनमोलप्रीत और अब वैभव शामिल हैं।

अनमोलप्रीत ने साल 2024 में पंजाब की ओर से अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ केवल 35 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। वहीं अब वैभव ने आज अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 36 गेंदों में शतक लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया है।

# हार्दिक सिंह के नाम मेजर ध्यानचंद खेलरत्न, 24 खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का नाम इस वर्ष मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया है। वहीं, युवा खिलाड़ियों समेत 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चयन समिति ने नामित किया है।

### हार्दिक सिंह का शानदार रिकॉर्ड

हार्दिक सिंह टोक्यो ओलंपिक 2021 और पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। इसके अलावा, वह इस साल एशिया कप 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में भी शामिल थे।

### अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित युवा सितारे

इस वर्ष युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर सहित कुल 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया। चयन समिति ने यह निर्णय बुधवार को हुई बैठक में लिया।




### अर्जुन पुरस्कार में पहली बार योगासन खिलाड़ी

सूत्रों के अनुसार, खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद पहली बार योगासन खिलाड़ी आरती पाल का नाम अर्जुन पुरस्कार के लिए सुझाया गया। आरती राष्ट्रीय और एशियाई चैम्पियन हैं। एशियाई खेल 2026 में योगासन नुमाइशी खेल के रूप में शामिल होगा।

### चयन समिति और अन्य नाम

चयन समिति में भारतीय ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया शामिल हैं। अन्य प्रमुख अर्जुन पुरस्कार नामांकित खिलाड़ी हैं- तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका (एथलेटिक्स), नरेंदर (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर निशानेबाजी), प्रणति नायक (जिम्नास्टिक), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), निर्मला भाटी (खो-खो), रूद्रांक्ष खंडेलवाल (पैरा निशानेबाजी), एकता भयान (पैरा एथलेटिक्स), पद्मनाभ सिंह (पोलो), अरविंद सिंह (नौकायन), अखिल श्योराण (निशानेबाजी), मेहुली घोष (निशानेबाजी), सुतीर्था मुखर्जी (टेबल टेनिस), सोनम मलिक (कुश्ती), आरती (योग), त्रिसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम्सियामी (हॉकी), मोहम्मद अफजल (एथलेटिक्स) और पूजा (कबड्डी)।

### पुरस्कार की राशि और पिछली बार के विजेता

खेलरत्न पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र, पदक और 25 लाख रुपये दिए जाते हैं। जबकि अर्जुन पुरस्कार के साथ 15 लाख रुपये का प्रावधान है। पिछले साल चार खिलाड़ियों को खेलरत्न से नवाजा गया था: विश्व चैम्पियन शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश, पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार और निशानेबाज मनु भाकर।

# नेमार को विश्वकप फुटबॉल खेलने की उम्मीद

साओ पाउलो (ईएमएस)। ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार के घुटने की सर्जरी सफल रही है और उनके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में खेलने की उम्मीद जतायी जा रही है। नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि नेमार की सर्जरी गंभीर नहीं थी। साथ ही उम्मीद जतायी कि ये स्टार खिलाड़ी अब जल्द ही फिटनेस हासिल करने में सफल रहेगा। पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में नेमार ने कहा, मुझे अब भी उम्मीद है कि मैं विश्व कप में खेलूंगा और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करूंगा। उन्होंने अपनी टीम और देश के लिए खेलने के सभी प्रयास करने की भी बात कही। वहीं ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी को भी उम्मीद है कि नेमार विश्वकप से पहले फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी नेमार का नाम टीम में शामिल नहीं है पर फिट होते ही उन्हें शामिल कर लिया जाएगा। जिस प्रकार से वह उत्साह से भरे हैं उससे साफ है कि वह खेलना चाहते हैं। वहीं नेमार ने कहा, हम इस बार कप को ब्राजील लाने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। जुलाई में आप हमें इसकी याद दिला सकते हैं। कोच इसमें हमारी सहायता करेंगे। वहीं माना जा रहा है कि नेमार की वापसी टीम के लिए बेहद जरुरी है। इसी कारण सभी की नजरें उनकी फिटनेस पर लगी हैं।



# अक्षर को ऑलराउंडर होने के कारण मिली उपकप्तानी : पनेसर




लंदन । अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्वकप में स्पिन ऑलरांउडर अक्षर पटेल भारतीय टी20 टीम की उपकप्तानी करेंगे। अक्षर को शुभमन गिल की जगह पर उपप्तान बनाया गया है। शुभमन को फार्म में नहीं होने के करण टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं अक्ष्रर को उकप्तानी दिये जाने को इंग्लैंड के स्पिनर मोंटी पनेसर ने एक अच्छा कदम बताया है। पनेसर के अनुसार टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में अक्षर को ऑलराउंडर होने के कारण उपकप्तान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कोच गौतम गंभीर अधिक से अधिक ऑलराउंडररों को टीम में चाहते हैं। ऐसे में विश्व कप 2026 के बाद अक्षर को टी20 की कप्तानी भी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि खराब फॉर्म के चलते शुभमन टीम में अपनी जगह बचा नहीं पाये। इसी कारण अक्षर की उपकप्तान के तौर पर वापसी हुई है। इससे पहले टी20 एशिया कप 2025 में भी अक्षर उपकप्तान रहे थे। पनेसर ने कहा, गंभीर ऐसे खिलाड़ियों को टीम में अधिक पसंद करते हैं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही कर दे सकें। ऐसे में भारतीय टीम जीतती है तो अक्षर को टी20 कप्तान बना बनाया जा सकता है-। अक्षर पटेल हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की थी।

# भारतीय हॉकी टीम विश्व कप में जीत की प्रबल दावेदार : डोरेन

**कोपनहेगन (एजेंसी)।** बेल्जियम के दिग्गज हॉकी खिलाड़ी आर्थर वैन डोरेन ने कहा है कि भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है ओर वह 2026 में होने वाले विश्व कप में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उभरी है। डोरेन का मानना है कि भारतीय टीम को किसी भी प्रकार से कमजोर नहीं माना जा सकता है।

डोरेन ने कहा, 'भारत को बड़ा दावेदार न मानना बड़ी भूल होगी। इसका कारण है कि भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में लगातार सफलता हासिल की है। उसने ओलंपिक में भी पिछली बार कांस्य पदक जीता था। इससे साफ है कि टीम का स्तर पहले से बेहतर हुआ है।

डोरेन के अनुसार भारतीय टीम का संतुलन अच्छा है। उन्होंने कहा, ''उनके पास हर विभाग में अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके पास एक अच्छा कोच है, युवा वह अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम को पिछले कुछ समय में किसे प्रयासों का लाभ मिला है। डोरेन ने कहा कि विश्व कप में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया सकता है और खिताबी दौड़ बेहद कड़ी होने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'भारत और बेल्जियम जैसी टीमों के लिए राह आसान नहीं होगी क्योंकि पांच, छह या सात और टीमें हैं जो हमारी तरह ही बढ़े हुए मनोबल से उतरेंगी हैं। इससे साफ है कि मुकाबला आसान नहीं रहेगा। डोरेन ने भारत के उभरते खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'भारतीय हॉकी टीम विश्व की किसी भी अन्य टीम की तुलना में अधिक व्यस्त हैं। वे सीखना चाहते हैं, खेलना चाहते हैं और प्रगति करना चाहते हैं। उसके पास कई युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उनके खिलाड़ी कम उम्र में ही अपने कौशल को अगले स्तर पर पहुंचा देते हैं।



## कमिंस शायद ही खेल पायें टी20 विश्वकप : रिपोर्ट

मेलबन। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस का अगले साल फरवरी में शुरु हो रहे टी20 विश्व कप में खेलना तय नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार कमिंस अभी तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबरे हैं। इसी कारण कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पहले दो मैचों में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 3-0 से जीत दिल दी। इसके बाद उन्हें बचे हुए दो मैचों के लिए आराम दिया जा रहा है ताकि वह पूरी तरह से फिट हो सकें। इससे साफ है कि वह शायद ही टी20 विश्व कप में खेल पाये। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'विश्व कप के लिए कमिंसटीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता। अभी को देखकर तो यही कहा जा सकता है कि कि वह फिट नहीं हैं पर हमें उम्मीद है कि विश्वकप तब तक फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'वह ठीक है लेकिन हम किसी तरह का खतरा नहीं उठाना चाहते हैं। हमने एशेज सीरीज जीत का लक्ष्य पा लिया है। कमिंस सीरीज के बचे हुए मैचों में नहीं खेलेंगे। उनकी वापसी को लेकर हमने काफी समय पहले इस बारे में बात की थी। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा और उसका फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। इसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी।

# हॉकी इंडिया लीग में कप्तानी करेंगे हरमनप्रीत और सविता




नई दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए कप्तान घोषित कर दिये गये हैं। हॉकी इंडिया ने कहा है कि हरमनप्रीत सिंह सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष टीम की कप्तानी करेंगी जबकि महिला टीम की कप्तानी सविता करेंगी। हरमनप्रीत ने कप्तानी मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि टीम का नेतृत्व करना हमेशा ही उनके लिए विशेष अनुभव रहा है। गौरतलब है कि पुरुष टीम पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रही थी। हरमनप्रीत ने कहा, इस टूर्नामेंट से हमें अपनी क्षमताओंका पता चलता है। इसके अलावा हमारा मनोबल भी बढ़ता है। । मेरा मानना है कि हमारे पास बेहतर टीमों को भी टक्कर देने वाली टीम है। लीग में पुरुष टीम का पहला मुकाबला 4 जनवरी को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन श्राची रार बंगाल टाइगर्स से होगा। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में खेले जाएंगे। वहीं महिला टीम की कप्तानी सविता करेंगी जबकि सलीमा टेटे को उप-कप्तानी दी गयी है। पहले साल टीम दूसरे नंबर पर रही थी और टीम की ओर से सविता और सलीमा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। महिला टीम का पहला मुकाबला 29 दिसंबर को रांची में श्राची रार बंगाल टाइगर्स से होगा। महिला टीम अपने सभी मैच रांची में खेलेगी।

# तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर पहुंचे, वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर मजबूत

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खत्म हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के खिलाड़ियों को पुरुष टी20 प्लेयर रैंकिंग में फायदा हुआ, जिसे टीम इंडिया ने 3-1 से जीता। अहमदाबाद में निर्णायक मैच रनों का अंबार था, जिसमें मेजबान टीम ने पहली पारी में 231 रन बनाए। भारत के टॉप स्कोरर तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 73 रन बनाए, जिससे वह श्रीलंका के पथुम निसंका को पीछे छोड़कर 805 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस की तेज 31 रनों की पारी ने उन्हें टॉप 10 में जगह बनाने में मदद की।

जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी (चार ओवर में 2/17) की बदौलत भारत कुल स्कोर का बचाव करने में सफल रहा, जबकि वह मैच में एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने प्रति गेंद एक रन से कम की इकॉनमी से गेंदबाजी की। इससे उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में 10 स्थानों की छलांग लगाकर महेश थीक्षाना (622) के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। वरुण चक्रवर्ती के चार विकेट लेने से रैंकिंग में उनका शीर्ष स्थान और मजबूत हो गया है, उनकी 804 की रेटिंग दूसरे स्थान पर मौजूद जैकब डफी (699) से काफी आगे है।

आईसीसी पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में ताजा अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की टेस्ट जीत में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि उन्होंने सीरीज जीत हासिल की, ऑस्ट्रेलिया ने घर पर एशेज अभियान में इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बना ली, और ब्लैक कैप्स ने माउंट माउंगानुई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत हासिल की।

इन प्रदर्शनों के कारण कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप स्थानों के करीब पहुंच गए हैं। एडिलेड में 82 रन की जीत में, ऑस्ट्रेलिया को ट्रैविस हेड ने टॉप ऑर्डर में आगे बढ़ाया, उनकी दूसरी पारी में 219 गेंदों पर 170 रन की पारी ने जीत की नींव रखी। इस पारी ने हेड को रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त तीसरे (815) स्थान पर पहुंचा दिया, जो उनके साथी स्टीव स्मिथ के साथ है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के अनुसार एलेक्स कैरी के पहली पारी के शतक ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर को छह स्थान ऊपर चढ़ाकर टॉप दस में पहुंचा दिया, और वह 737 की करियर-सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। तस्मान सागर के पार, यह न्यूज़ीलैंड की शानदार बल्लेबाजी थी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी जीत की नींव रखी, और वे 2-0 से सीरीज विजेता बने।

रचिन रवींद्र के नाबाद 72 और 46 रनों ने उन्हें पांच स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि डेवोन कॉनवे के शानदार 227 और 100 रनों ने उन्हें 681 की करियर-उच्च रेटिंग तक पहुंचाया, जिससे वह संयुक्त 17वें स्थान पर आ गए। जवाब में, कैवेम हॉज की 123 रन की नाबाद जुझारू पारी ने उन्हें 11 स्थान ऊपर चढ़कर 66वें स्थान पर पहुंचा दिया, जो उनकी करियर-सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग और रेटिंग दोनों है।

गेंदबाजी की बात करें तो दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अब जसप्रीत बुमराह को नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज के रूप में चुनौती देने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। मिशेल स्टार्क (तीसरे) और पैट कमिंस (चार स्थान ऊपर चढ़कर 849 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर) ने एडिलेड में मिलकर दस विकेट लिए, कमिंस भारत के मुख्य गेंदबाज से 30 रेटिंग अंक पीछे हैं। जीत में अहम अर्धशतक बनाने के बाद स्टाक टेस्ट ऑलराउंडर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए, और एशेज के प्रतिद्वंद्वी बेन स्टोक्स के साथ 311 की रेटिंग पर बराबरी पर आ गए।




# 68 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिमांशु और रमिता को स्वर्ण



भोपाल। हरियाणा के हिमांशु ढिल्लों औ रमिता जिंदल ने यहां आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पर निशाना लगाया। रमिता और हिमांशु ने फाइनल में महाराष्ट्र की आर्य बोरसे और पार्थ माने की जोड़ी को 16-12 से पराजित किया। इस मुकाबले की शुरुआत से ही रमिता और हिमांशु ने सटीक निशाने लगाये और अपना पहला स्थान तय किया। इससे पहले पूरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सोमवार को हिमांशु ने 634.5 का राष्ट्रीय और जूनियर रिकॉर्ड भी बनाया था। इससे टीम को भी लाभ मिला है। वहीं दिल्ली की राजश्री संचेती और पार्थ मखीजा ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की जोड़ी के खिलाफ 17-15 से जीत हासिल कर कांस्य पदक पर कब्जा किया।

# दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों पर बड़ी राहत, नई ईवी पॉलिसी जल्द

*- पेट्रोल टू-व्हीलर को इलेक्ट्रिक में बदलने पर 35,000-40,000 रुपए की सब्सिडी मिलेगी*

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए नई नीति तैयार कर रही है। ड्राफ्ट जनवरी के पहले सप्ताह में सार्वजनिक हो सकता है। नई पॉलिसी के तहत पेट्रोल टू-व्हीलर को इलेक्ट्रिक में बदलने पर 35,000-40,000 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इससे इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक्स की शुरुआती कीमत लगभग 60-65 हजार रुपये तक कम हो जाएगी। यह कदम खासतौर पर मिडिल क्लास परिवारों को ध्यान में रखकर उठाया गया है। नई नीति 20 लाख रुपये तक की पेट्रोल या डीजल कारों को इलेक्ट्रिक में बदलने पर भी सब्सिडी देने की योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा ऑटो और ई-रिक्शा जैसे कमर्शियल थ्री-व्हीलरों को इलेक्ट्रिक में बदलने पर भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसका उद्देश्य निजी और व्यवसायिक वाहनों दोनों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। नई ईवी पॉलिसी का मकसद केवल वाहन खरीदारों को राहत देना नहीं है, बल्कि दिल्ली में प्रदूषण कम करना और ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना भी है। मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों ने हाल ही में प्रदूषण पर उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें ईवी के इस्तेमाल को तेज करने के कई उपायों पर चर्चा हुई। दिल्ली में 2020 से ईवी पॉलिसी लागू है, जिसमें इलेक्ट्रिक दो-व्हीलर पर 30,000 रुपये तक, तीन-व्हीलर पर 30,000 रुपये और कारों पर अधिकतम 1.5 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाती थी। नई नीति इन प्रावधानों को और मजबूत करते हुए अधिक लोगों तक लाभ पहुँचाने की दिशा में है। नई पॉलिसी के लागू होते ही मिडिल क्लास और ईवी खरीदारों की उम्मीदें बढ़ गई हैं, और राजधानी को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के अगले स्तर पर ले जाने की उम्मीद है।

# इंडिगो तुर्की से लीज पर लिए विमान मार्च के बाद नहीं उड़ा पाएगी: डीजीसीए

**– मार्च 2026 के बाद कोई एक्सटेंशन नहीं**

**नई दिल्ली ।** इंडिगो एयरलाइंस को डीजीसीए ने तुर्की की कोरेंडन एयरलाइंस से लीज पर लिए गए 5 बोइंग 737 नैरो-बॉडी प्लेन 31 मार्च 2026 तक ही संचालित करने की अनुमति दी है। नियामक ने साफ कर दिया है कि इसके बाद किसी भी तरह का एक्सटेंशन नहीं मिलेगा। यह फैसला इंडिगो द्वारा दिए गए अंडरटेकिंग के आधार पर लिया गया है, जिसमें उन्होंने आखिरी बार एक्सटेंशन मांगा था। डीजीसीए ने यह अनुमति इसलिए दी क्योंकि इंडिगो के नए लॉन्ग रेंज एयरक्राफ्ट ए321-एक्सएलआर फरवरी 2026 तक डिलीवर होने वाले हैं। इन नए विमानों के आने के बाद पुराने लीज प्लेन की जरूरत समाप्त हो जाएगी। इंडिगो फिलहाल 15 विदेशी एयरक्राफ्ट चला रही है, जिनमें से 7 तुर्की के हैं। इसी तरह स्पाइसजेट जैसी एयरलाइंस भी वेट/डैम्प लीज पर विमान संचालित कर रही हैं। डीजीसीए के अनुसार, यह ग्लोबल एविएशन इंडस्ट्री में आम प्रैक्टिस है। इसका उद्देश्य इंजन या डिलीवरी से जुड़ी देरी की स्थिति में यात्रियों को सेवा देना है। इससे पहले डीजीसीए ने अगस्त 2025 में इंडिगो को टर्किश एयरलाइंस के दो बोइंग 777 उड़ाने के लिए फरवरी 2026 तक छह महीने का एक्सटेंशन दिया था। मई में डीजीसीए ने तीन महीने का एक आखिरी एक्सटेंशन दिया और एयरलाइन से कहा कि आगे कोई एक्सटेंशन नहीं मिलेगा।

# डब्ल्यूटीओ में भारत के खिलाफ चीन की शिकायत

**- टैरिफ और सोलर पीएलआई स्कीम पर उठाए सवाल**




**नई दिल्ली ।**

चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के खिलाफ औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत भारत द्वारा कुछ आईटी उत्पादों पर लगाए गए आयात शुल्क और सोलर पीवी मॉड्यूल के लिए लागू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को लेकर है। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, किसी भी व्यापारिक विवाद को सुलझाने के लिए परामर्श की मांग पहला कदम होती है। चीन का यह अनुरोध 23 दिसंबर को डब्ल्यूटीओ के सभी सदस्य देशों के साथ साझा किया गया। चीन का आरोप है कि भारत ने कई तकनीकी उत्पादों पर ऐसी कस्टम ड्यूटी लगाई है, जो डब्ल्यूटीओ में तय अधिकतम टैरिफ सीमा से ज्यादा है। इन उत्पादों में सेमीकंडक्टर डिवाइस, मोबाइल और वायरलेस नेटवर्क फोन, सेमीकंडक्टर निर्माण में इस्तेमाल होने वाली मशीनें और अन्य आईटी सामान शामिल हैं। चीन का कहना है कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन करता है और चीनी आयात के साथ भेदभाव करता है। चीन ने भारत की सोलर पीवी मॉड्यूल के लिए लागू पीएलआई स्कीम को भी चुनौती दी है। उसका दावा है कि इस योजना में लोकल वैल्यू एडिशन यानी घरेलू इनपुट के इस्तेमाल की शर्तें हैं, जो डब्ल्यूटीओ के व्यापार समझौतों के अनुरूप नहीं हैं।

चीन के अनुसार, यह स्कीम घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देती है और आयातित सामानों के खिलाफ भेदभाव करती है, जिससे यह अवैध सब्सिडी की श्रेणी में आती है।

# चांदी के भाव नए शिखर पर, सोना 1.38 लाख के पार

**- अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर**



**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी के वायदा कारोबार में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन घरेलू वायदा बाजार में चांदी के दाम ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए, जबकि सोना भी अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर के बेहद करीब कारोबार करता नजर आया। निवेशकों की मजबूत खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के चलते कीमती धातुओं में यह तेजी बनी हुई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के वायदा भाव में मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 181 रुपये की तेजी के साथ 1,38,166 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 1,37,885 रुपये था। इस समय सोना 516 रुपये की तेजी के साथ 1,38,401 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान सोने ने 1,38,469 रुपये का उच्च स्तर और 1,38,126 रुपये का निचला स्तर छुआ। इससे पहले मंगलवार को सोने ने 1,38,496 रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया था। वहीं चांदी के वायदा भाव में भी रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का मार्च कॉन्ट्रेक्ट 1,347 रुपये की तेजी के साथ 2,21,000 रुपये प्रति किलो पर खुला। पिछला बंद भाव 2,19,653 रुपये था। कारोबार के दौरान चांदी 3,318 रुपये की मजबूती के साथ 2,22,971 रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान चांदी ने 2,23,742 रुपये प्रति किलो का नया रिकॉर्ड उच्च स्तर छुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर बनी हुई हैं। कॉमेक्स पर सोना 4,516 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी 72 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई है। वैश्विक अनिश्चितताओं और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग से कीमती धातुओं में यह तेजी देखने को मिल रही है।

# लार्जकैप और मिडकैप कट-ऑफ में भारी बढ़ोतरी की संभावना

**- कट-ऑफ बढ़ने से कुछ कंपनियां बदल सकती हैं अपनी कैटेगरी**

**मुंबई ।**

म्युचुअल फंडों के लार्जकैप और मिडकैप यूनिवर्स के लिए पात्र शेयरों का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) कट-ऑफ अगले पुनर्वर्गीकरण में नई ऊंचाई पर पहुंचने की संभावना है। एएमएफ़आई जनवरी के पहले सप्ताह में लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों की नई सूची जारी करेगा। नुवामा अल्टरनेटिव और क्वांटिटेटिव रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, लार्जकैप कट-ऑफ वर्तमान 91,572 करोड़ रुपए से लगभग 15 फीसदी बढ़कर 1.05 लाख करोड़ रुपए हो सकता है। जनवरी 2025 में यह कट-ऑफ पहले ही 1 लाख करोड़ से अधिक पहुंच चुका था। मिडकैप शेयरों के कट-ऑफ में भी वृद्धि की उम्मीद है।

रिपोर्ट में अनुमान है कि यह मौजूदा 30,756 करोड़ रुपए से बढ़कर लगभग 34,800 करोड़ रुपए हो जाएगा। इसमें नई लिस्टिंग वाले शेयर शामिल होंगे।

कोविड के बाद की अवधि में मार्केट की तेजी और सूचीबद्ध कंपनियों की बढ़ती संख्या के कारण लार्जकैप और मिडकैप की सबसे छोटी कंपनियों का आकार लगातार बढ़ा है। जनवरी 2023 से हर समीक्षा में लार्जकैप और मिडकैप कट-ऑफ बढ़ा है।

पिछले पांच साल में लार्जकैप कट-ऑफ लगभग तीन गुना बढ़ चुका है। कट-ऑफ बढ़ने से कुछ कंपनियां अपनी कैटेगरी बदल सकती हैं। टॉप लार्जकैप और मिडकैप शेयरों को फंड में शामिल किया जाएगा, जिससे निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो में बदलाव संभव है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ ही 89.76 पर बंद हुआ। आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआती कारोबार में 89.51 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो मंगलवार के बंद भाव 89.63 की तुलना में 12 पैसे अधिक है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया शुरुआत में 89.56 पर खुला और कारोबार के दौरान 89.65 तक भी पहुंचा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बाजार में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने की घोषणा ने रुपये को मजबूती दी। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की ताकत को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी नीचे आकर 97.87 पर रहा।






## भारतीय स्टार्टअप्स के लिए नकदी का वर्ष रहा- 2025

**- वित्त पोषण में कमी, सौदों का आकार बढ़ा**

**नई दिल्ली ।** 2025 भारतीय स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। हालांकि कुल पूंजी जुटाना 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो 2024 में जुटाए गए 12.7 अरब डॉलर से 17 प्रतिशत कम है, औसत सौदे का आकार दोगुना होकर 14 लाख अमेरिकी डॉलर पहुंच गया। यह निवेशकों की बढ़ती परिपक्वता और गुणवत्ता पर जोर देने का संकेत है। बड़े सौदों में एरिशा ई मोबिलिटी (1 अरब डॉलर), जेप्टो (45 करोड़ डॉलर) और ग्रीनलाइन (27.5 करोड़ डॉलर) शामिल रहे। नकदी सृजन के मामले में स्टार्टअप्स ने सार्वजनिक बाजारों का रुख किया। लेंसकार्ट, ग्रो, मीशो और फिजिक्सवाला समेत 18 स्टार्टअप्स ने भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध होकर कुल 41,000 करोड़ रुपये (4.5 अरब डॉलर) जुटाए। 2024 में यह आंकड़ा केवल 29,000 करोड़ रुपये था। भारत के स्टार्टअप्स का वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन बढ़ा है। 2 लाख स्टार्टअप्स में से 44,000 नए जुड़ गए, 11 नए यूनिकॉर्न बने और 18 सार्वजनिक निर्गम हुए। भारत अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप वातावरण बन चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में वित्त पोषण 2025 से बेहतर रहेगा। निवेशकों की दिलचस्पी कृत्रिम मेधा (एआई), डी-2सी ब्रांड और उपभोक्ता सेवाओं में बढ़ेगी।

## दावोस 2026- संवाद की भावना के तहत वैश्विक नेता जुटेंगे

**- स्विट्ज़रलैंड के दावोस में 19 से 24 जनवरी 2026 तक डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक होगी**

**नई दिल्ली ।**

स्विट्ज़रलैंड के स्की रिसॉर्ट शहर दावोस में 19 से 24 जनवरी 2026 तक विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक आयोजित होगी। इस वर्ष का विषय संवाद की भावना है। बैठक में करीब 3,000 वैश्विक नेता, जिनमें लगभग 60 राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख शामिल होंगे। डब्ल्यूईएफ के अंतरिम सह-प्रमुख आंद्रे हॉफमैन के अनुसार यह मंच खंडित दुनिया में विश्वसनीय और निष्पक्ष संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। बैठक में विकास, भू-राजनीति, नवाचार, लोग एवं रोजगार और ग्रह जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। हॉफमैन ने कहा कि यह वार्षिक बैठक समाधान थोपने के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षित, ईमानदार और प्रभावी बातचीत को बढ़ावा देने के लिए है। उन्होंने बताया कि रिकॉर्ड संख्या में राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे, जो संवाद के महत्व को दर्शाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्यक्तिगत रूप से बैठक में शामिल नहीं होंगे, लेकिन उनके सचिवों का प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले सकता है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव के संदर्भ में हॉफमैन ने कहा कि डब्ल्यूईएफ ने रूसी प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल नहीं किया है और अब भी रूस के खिलाफ अपना रुख कायम रखा है। एआई और नवाचार पर भी बैठक में जोर दिया जाएगा। हॉफमैन ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) अवसर और जोखिम दोनों लेकर आती है। गलत सूचना और जनता के विश्वास पर असर जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा जलवायु और सतत विकास डब्ल्यूईएफ की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

# शेयर बाजार लाल हल्की गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 116, निफ्टी 35 अंक नीचे आया**

**मुंबई ।**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान तेल और गैस, फार्मा और आईटी शेयरों में भरी बिकवाली रही जिससे भी बाजार गिरा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 116.14 अंक नीचे आकर 85,408.70 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 35.05 अंक फिसलकर 26,142.10 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान बीएसई पर ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट और मारुति सुजुकी के शेयरों में बढ़त रही जबकि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, सन फार्मा और एशियन पेंट्स के शेयर गिरे। वहीं एनएसई पर श्रीराम फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों में उछाल रहा जबकि इंडिगो और डॉ. रेड्डीज लैब्स के शेयर गिरे। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.28 फीसदी की बढ़त रही, जबकि निफ्टी मिडकैप में 0.60 फीसदी तेजी रही। आज निफ्टी ऑयल एंड गैस के शेयरों में सबसे अधिक 0.76 फीसदी की गिरावट रही। वहीं मेटल और फार्मा सेक्टर के शेयर भी गिरे जबकि दूसरी ओर निफ्टी मीडिया इंडेक्स में 0.44 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा रियल्टी व मेटल सेक्टर में भी बढ़त रही। गिरावट का एक कारण निवेशकों के सर्तकता बरतने को भी माना जा रहा है। जिससे बाजार सीमित दायरे में बना रहा। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत सपाट रही। सुबह सेंसेक्स 140.75 अंकों की बढ़त के साथ 85,665.59 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 39.10 अंकों की बढ़त के साथ 26,216 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी रही जिससे बाजार को सहारा मिला।

## कोल इंडिया के निदेशक मंडल ने एसईसीएल को सूचीबद्ध कराने को मंजूरी दी

**कोलकाता ।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक मंडल ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह कदम सीआईएल की पूरी स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी को सार्वजनिक निवेश के लिए तैयार करने की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है। कोयला मंत्रालय ने सीआईएल को निर्देश दिया था कि वह अपनी प्रमुख अनुषंगी कंपनियों महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) और एसईसीएल को अगले वित्त वर्ष में सूचीबद्ध करने के लिए ठोस कदम उठाए। इसका उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में मूल्यवर्धन, कॉर्पोरेट पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों को आकर्षित करना है। सीआईएल की मंजूरी अब कोयला मंत्रालय को भेजी जाएगी, जो इसे निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग को आगे भेजेगा। सूचीबद्धता की प्रक्रिया विभिन्न नियामकीय स्वीकृतियों पर निर्भर करेगी।

# भारत के पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसर बढ़ाने में एफटीए की भूमिका: वाणिज्य सचिव

**- समझौते कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं और पेशेवरों को विदेशों में काम करने में मदद करेंगे**

**नई दिल्ली ।**

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा है कि भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारतीय पेशेवरों के लिए विदेशों में नए अवसर खोलेंगे। इनमें लेखाकार, डॉक्टर, आर्किटेक्ट और अन्य पेशेवर सेवाएं शामिल हैं। ये समझौते कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं और पेशेवरों को विदेशों में काम करने में मदद करेंगे। अग्रवाल ने भारत के युवा और शिक्षित जनसंख्या को वैश्विक पेशेवर मांग को पूरा करने की क्षमता बताया। उन्होंने कहा कि इसके लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना, पेशेवरों को बदलती तकनीक और अंतरराष्ट्रीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना आवश्यक है। अग्रवाल ने पेशेवर निकायों जैसे आईसीएआई को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करने और उनमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसका उद्देश्य पेशेवरों के बीच ज्ञान साझा करना और नेटवर्क का विकास करना है। विचार-विमर्श में चार प्रमुख मुद्दों पर जोर दिया गया- 1. पेशेवरों को वैश्विक स्तर पर तैयार करना, 2. पारस्परिक मान्यता समझौते के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय परिवहन को मजबूत करना, 3. विदेशों में पेशेवर नेटवर्क का विकास और विस्तार, 4. पेशेवर सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एफटीए का लाभ उठाना। भारत और न्यूजीलैंड के हालिया समझौते के तहत योग प्रशिक्षक, रसोईयां, आयुष पेशेवर, शिक्षक, नर्स और आईटी पेशेवरों को पेशेवर वीज़ा मिलेगा। इस योजना से लगभग 5,000 भारतीय पेशेवर न्यूज़ीलैंड की अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे।



## नॉन प्राफिट टैक्स लीडर ऑफ द ईयर चुने गए प्रताप कुमार रे

**नई दिल्ली ।** बीडब्ल्यू सीएफओ वर्ल्ड ने बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड के साथ मिलकर बीडब्ल्यू सीएफओ वर्ल्ड - टैक्स लीडर्स इंडिया 2025 का पहला आयोजन किया। समिट में अलग-अलग क्षेत्रों में फाइनेंस, गवर्नेंस और कंप्लायंस के क्षेत्र में बेहतरीन लीडरशिप को सम्मानित किया गया। इस मौके पर, स्माइल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष फाइनेंस एंड गवर्नेंस, प्रताप कुमार रे को नॉन प्राफिट टैक्स लीडर ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिला। यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व, बहुआयामी योगदान और नॉन-प्रॉफिट सेक्टर में कानूनी, वित्तीय और अनुपालन ढांचे को मजबूत करने के प्रति उनके अटूट समर्पण के लिए दिया गया। यह समिट नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। इस समिट का मकसद फाइनेंस, गवर्नेंस और कंप्लायंस में शानदार काम करने वाले लीडर्स को बेहतर पहचान दिलाना था। मिस्टर प्रताप कुमार रे को यह अवॉर्ड मिला, जो गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए टैक्स के क्षेत्र में उनके खास काम को दर्शाता है। इस समिट का आयोजन बीडब्ल्यू सीएफओ वर्ल्ड और बीडब्ल्यू बिजनेस वर्ल्ड ने मिलकर किया था। इसका मुख्य उद्देश्य फाइनेंस, गवर्नेंस और कंप्लायंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लीडर्स को सम्मानित करना था। यह समिट नई दिल्ली में हुआ था। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों के लीडर्स को उनके काम के लिए सराहा गया।

## इस सप्ताह पांच दिन बंद रहेंगे बैंक




**नई दिल्ली ।** इस हफ्ते देश के विभिन्न राज्यों में बैंक अलग-अलग दिनों में बंद रहेंगे। पूरे देश में दिसंबर महीने की सबसे बड़ी राष्ट्रीय छुट्टी क्रिसमस 25 दिसंबर है, जब सभी सरकारी और प्राइवेट बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा, नॉर्थ-ईस्ट के कई राज्यों में क्रिसमस के आसपास लगातार छुट्टियां पड़ रही हैं, जिससे बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। 24 दिसंबर (क्रिसमस ईव) पर आइजोल, कोहिमा और शिलॉन्ग में बैंक बंद हैं, 25 दिसंबर क्रिसमस पर पूरे देश में सभी बैंक बंद रहेंगे। 26 दिसंबर क्रिसमस सेलिब्रेशन के अवसर पर आइजोल, कोहिमा और शिलॉन्ग में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी। 27 दिसंबर को सिर्फ कोहिमा में बैंक बंद रहेंगे। 30 दिसंबर को यू कियांग नांगबह पुण्यतिथि पर शिलॉन्ग में बैंक बंद रहेंगे और 31 दिसंबर न्यू ईयर ईव/इमोइनु इराटपा पर आइजोल और इंफाल में बैंक बंद रहेंगे। बैंक बंद रहने पर यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, चेक क्लियरिंग, कैश जमा-निकासी और काउंटर से जुड़े कामकाज नहीं होंगे।



# अक्षय कुमार होस्ट करेंगे दुनिया का सबसे बड़ा गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून'

**'खिलाड़ी कुमार' यानी अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। एक बार फिर अक्षय कुमार बड़े पर्दे के अलावा छोटे पर्दे पर नजर आने वाले हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे।**

### सोनी टीवी पर आएगा शो

आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं।

### अक्षय कुमार ने जताई खुशी

इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव के जरिए 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारतीय दर्शकों को अलग-अलग प्लेटफार्म्स पर शानदार तरीके से जोड़ेगा।

### ये अक्षय की टीवी पर वापसी है

अक्षय कुमार इससे पहले 'खतरों के खिलाड़ी' के पहले, दूसरे और चौथे सीजन को भी होस्ट कर चुके हैं। चौथा सीजन साल 2011 में आया था। इसके अलावा वो एक कॉमेडी शो लेकर भी आए थे। हालांकि, ये ज्यादा दिन तक नहीं चला था। हाल ही में अक्षय करण जौहर के साथ 'पिच टू गेट रिच' में भी नजर आए थे। अब अक्षय दुनिया के सबसे पॉपुलर शो को लेकर आ रहे हैं।



# धुरंधर के गाने शरारत के लिए तमन्ना भाटिया थीं पहली पसंद

## फिर आदित्य धर ने क्यों किया रिजेक्ट?

बॉलीवुड में जब भी दमदार डांस नंबर की बात होती है, तो सबसे पहला नाम तमन्ना भाटिया का लिया जाता है। स्त्री 2 के 'आज की रात' से लेकर 'घफूर' जैसे गानों ने उन्हें स्पेशल सॉन्ग की क्वीन बना दिया है। ऐसे में जब फिल्म धुरंधर के चर्चित गाने शरारत को लेकर यह खुलासा हुआ कि तमन्ना को इस गाने के लिए रिजेक्ट कर दिया गया था, तो इंडस्ट्री से लेकर फैंस तक सभी हैरान रह गए।

### पहली पसंद थीं तमन्ना

फिल्म धुरंधर के कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने हाल ही में फिल्मी ग्यान के साथ एक इंटरव्यू में इस पूरे मामले पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जब 'शरारत' गाने की प्लानिंग चल रही थी, तब उनके दिमाग में सबसे पहला नाम तमन्ना भाटिया का ही आया था। उनके मुताबिक, तमन्ना की स्क्रीन प्रेजेंस और डांसिंग स्टाइल इस तरह के गाने के लिए एकदम परफेक्ट बैठती थी।

### फिर क्यों तमन्ना नहीं हुई कास्ट?

विजय गांगुली ने बताया कि तमन्ना का नाम डायरेक्टर आदित्य धर के सामने रखा गया था, लेकिन आदित्य इस फैसले को लेकर पूरी तरह साफ थे। उनका मानना था कि वो फिल्म में ऐसा कोई गाना नहीं चाहते, जो कहानी से हटकर सिर्फ एक स्टार पर फोकस करे। अगर गाने में तमन्ना होतीं, तो दर्शकों का ध्यान कहानी की बजाय सिर्फ उन्हीं पर टिक जाता।

### कहानी को रखा स्टारडम से ऊपर

आदित्य धर ने यह तय किया कि 'शरारत' को एक पारंपरिक आइटम सॉन्ग नहीं बनाया जाएगा, बल्कि कहानी का हिस्सा रखा जाएगा। यही वजह रही कि गाने में एक नहीं, बल्कि दो कलाकारों को लिया गया। आखिरकार इस गाने के लिए आयशा खान और क्रिस्टल डिसूजा को चुना गया, ताकि फोकस किसी एक चेहरे पर नहीं, बल्कि सीन और नैरेटिव पर बना रहे।

### शादी के सीन से जुड़ा था गाना

कोरियोग्राफर के मुताबिक, शरारत गाना रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के वेडिंग रिसेप्शन सीन का हिस्सा है। उस सीन में सिर्फ डांस ही नहीं, बल्कि कई अहम कहानी मोमेंट्स भी चलते हैं। ऐसे में डायरेक्टर नहीं चाहते थे कि गाने की वजह से फिल्म की रफ्तार या कहानी का असर कमजोर पड़े।

### इंटरनेट पर छाया शरारत

दिलचस्प बात यह है कि इस गाने को काफी ज्यादा पंसद किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर गाने पर अब तक कई रील्स बनाई जा चुकी हैं। शरारत गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। आयशा खान और क्रिस्टल डिसूजा की केमिस्ट्री और एनर्जी को दर्शकों ने खूब सराहा। यही नहीं, इस गाने पर सेलेब्स भी रिएक्ट कर रहे हैं।





# 29 साल बाद फिल्म में साथ नजर आएंगे अक्षय खन्ना और सनी देओल?

फिल्म धुरंधर में रहमान डकैत के खतरनाक किरदार के लिए अक्षय खन्ना को बहुत तारीफ मिल रही है। इसके बाद उनके करियर में एक नया और रोचक दौर शुरू हो रहा है। वे हमेशा अच्छी भूमिकाएं चुनते हैं और फिल्मों के बीच लंबा गैप लेते हैं, इसलिए लोग उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुक रहते हैं। धुरंधर की सफलता पर अक्षय ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन उनकी अगली फिल्म की चर्चा जोरों पर है, जिसमें वह सनी देओल के साथ नजर आएंगे।

### इक्का में साथ नजर आ सकते हैं अक्षय और सनी?



इंडिया टुडे की एक खबर के अनुसार, अक्षय खन्ना लगभग 29 साल बाद सनी देओल के साथ फिर स्क्रीन पर नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार 1997 की फिल्म बॉर्डर में साथ काम किया था। हालांकि अभी फिल्ममेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। खबरों के मुताबिक, दोनों ने इक्का नाम की फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है।

### फिल्म इक्का के बारे में


इक्का एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो सिनेमाघरों में नहीं बल्कि सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें दीया मिर्जा और संजीदा शेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और किरदारों के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल इक्का को लेकर सिर्फ ऑनलाइन चर्चाएं और अफवाहें हैं, कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। फिर भी, अक्षय खन्ना और सनी देओल को एक एक्शन थ्रिलर में साथ देखने की खबर ने फैंस में काफी उत्साह जगा दिया है।

# राम गोपाल वर्मा से मिली आदित्य धर को फिल्में बनाने की प्रेरणा



फिल्म निर्माता और निर्देशक आदित्य धर की फिल्म धुरंधर अपने नाम की तरह लोगों के दिलों से लेकर बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। हिंदी सिनेमा से जुड़ा हर शख्स फिल्म को आइकॉनिक बता रहा है। अब हिंदी फिल्मों के डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने फिल्म की तारीफ की और उसका जवाब देते हुए आदित्य ने उनके साथ काम करने की इच्छा जाहिर की। आदित्य का कहना है कि वे राम गोपाल वर्मा की वजह से ही फिल्में बनाना सीख पाए हैं। रंगीला और आग जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने फिल्म धुरंधर की तारीफ में एक के बाद एक ट्वीट किए और फिल्म को हिंदी सिनेमा का क्वांटम लीप कहा। उन्होंने लिखा, धुरंधर एक फिल्म नहीं है, यह इंडियन सिनेमा में एक क्वांटम लीप है। आदित्य धर ने अकेले ही इंडियन सिनेमा का भविष्य पूरी तरह से बदल दिया है, चाहे वह उत्तर हो या दक्षिण... ऐसा इसलिए है क्योंकि धुरंधर सिर्फ एक फिल्म नहीं है... यह एक क्वांटम लीप है। उन्होंने फिल्म को लेकर और भी बहुत कुछ लिखा। अपनी फिल्म और अपने काम की इतनी तारीफ सुनकर आदित्य धर ने राम गोपाल वर्मा को अपनी प्रेरणा बताया।

# अदा शर्मा बनीं 'यूथ फॉर चेंज भारत - से नो टू ड्रग्स' अभियान की चेहरा



अभिनेत्री आदाह शर्मा को यूथ फॉर चेंज भारत – से नो टू ड्रग्स अभियान का चेहरा घोषित किया गया है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान की शुरुआत इंदौर से हुई, जिसने युवाओं की ऊर्जा और सांस्कृतिक जुड़ाव से प्रेरित एक सशक्त आंदोलन की नींव रखी। अभियान के लिए आदाह शर्मा का चयन एक स्वाभाविक निर्णय माना जा रहा है। वर्षों से उन्होंने विभिन्न फिल्मी शैलियों में काम कर युवा दर्शकों के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाया है। द केरल स्टोरी जैसी गंभीर फिल्मों से लेकर 1920 फ्रेंचाइज़ी में उनकी लोकप्रिय भूमिका, सनफ्लावर और कमांडो में उनके अलग अंदाज़ और रीता सान्याल में कॉमेडी तक—आदाह ने अपनी बेहतरीन बहुमुखी प्रतिभा साबित की है। चाहे तीव्र ड्रामा हो, हॉरर या हल्का-फुल्का मनोरंजन, उनकी परफॉर्मेंस हमेशा दर्शकों के दिल को छू जाती है। अभियान को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए आदाह ने कहा, मुझे इस अभियान का चेहरा चुने जाने पर बहुत खुशी है। हमने इसकी शुरुआत इंदौर, मध्य प्रदेश से की। हम यह संदेश फैलाना चाहते हैं कि असली मज़ा पैकेट या गोलियों में नहीं होता, बल्कि सबसे बेहतरीन 'हाई' नशे से दूर रहकर ज़िंदगी को पूरी तरह महसूस करने में है। ढोल बजाना बिल्कुल अचानक हुआ और मुझे बहुत मज़ा आया। लॉन्च इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आदाह एक स्थानीय बैंड के साथ ढोल बजाती नजर आ रही हैं। यह पल पूरी तरह सहज, ऊर्जावान और स्थानीय संस्कृति से जुड़ा हुआ था—जो आज के युवाओं को खासतौर पर आकर्षित करता है। यह वीडियो रेड कार्पेट और फिल्मी सेट से अलग, आम लोगों के बीच आदाह की सहज कनेक्ट को खूबसूरती से दर्शाता है। आदाह जो भी करती हैं, वह असली और भरोसेमंद लगता है—कृत्रिम नहीं। यही सच्चापन युवाओं के साथ उनके मजबूत जुड़ाव का कारण है और यही वजह है कि अभियान के आयोजकों ने उन्हें इस पहल का चेहरा बनाया।



# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में लौटीं शिल्पा शिंदे

**भाबीजी घर पर हैं में नजर आ चुकीं शिल्पा शिंदे एक बार फिर इस शो में लंबे समय बाद अंगूरी भाभी बनकर लौटी हैं। सीरियल भाबीजी घर पर हैं 2.0 के प्रोमो में उनकी झलक भी दिखा दी गई है। बिग बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे ने इस शो में लौटने की वजह भी बताई है।**

### शिल्पा शिंदे भाबीजी घर पर हैं कमबैक

शिल्पा शिंदे 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में अपने आइकॉनिक किरदार को निभाने के लिए एक फिर से इस शो से जुड़ गई हैं। इस शो में लौटने पर वो बेहद खुश और उत्साहित भी हैं। शिल्पा ने इस शो में वापसी पर बातें की और मेकर्स से अपने पुराने विवाद को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि झगड़े तो परिवारों में ही होते हैं. एक बार जब मैंने हां कह दिया तो मैंने कामों और रिएक्शन के बारे में ज्यादा नहीं सोचा। शिल्पा ने इस शो को लेकर बातचीत की। शिल्पा की वापसी के साथ ही ये शो दर्शकों के दिलों में पुरानी यादों और रोमांच की लहरें दौड़ गई हैं। करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद हाल ही में जारी प्रोमो ने शिल्पा को देखकर फैन्स का दिल बाग बाग हो गया है।

### आपकी असली अंगूरी भाभी वापस आ गई

10 साल बाद इस शो में अपनी वापसी पर बातें करते हुए शिल्पा शिंदे ने कहा, 10 साल बाद अंगूरी भाभी के रूप में वापसी करना मेरे लिए वाकई एक बहुत बड़ा पल है। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं इस किरदार में वापस आऊंगी लेकिन जिंदगी का अपना तरीका होता है आपको वहीं वापस ले आने का जहां आप असल में होते हैं। ऐसा लगता है जैसे किस्मत का अपना ही प्लान था। मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि अंगूरी भाभी ने मुझे कभी छोड़ा हो, यहां तक कि जब मैं स्क्रीन पर उनका किरदार नहीं निभा रही थी तब भी› लोग मुझे न सिर्फ सोशल मीडिया पर, बल्कि असल जिंदगी में भी अंगूरी भाभी कहकर बुलाते रहे हैं। बहुत सारे फैंस, यहां तक कि जिन्हें मैं जानती भी नहीं थी, मुझसे मिलते और पूछते- आप अंगूरी भाभी बनकर कब आओगे? आज मैं उन्हें बताना चाहती हूं, आपकी असली अंगूरी भाभी वापस आ गई हैं।

### मुझे घर जैसा महसूस होने लगा

शिल्पा आगे कहती हैं, इस वापसी को और भी खास बनाती है पूरी टीम से मिला प्यार। आसिफ, रोहितश्व, विदिशा और सभी ने मेरा इतने प्यार से स्वागत किया कि मुझे तुरंत घर जैसा महसूस हुआ। प्रोमो और मेरी वापसी की घोषणा पर मिली प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक और भावुक कर देने वाली रही है। इससे मुझे यकीन हो गया है कि अंगूरी भाभी सचमुच दर्शकों की ही हैं।

### मैं खुश और बेहद उत्साहित हूं

एक्ट्रेस ने कहा, इस शो के साथ चैनल एक बार फिर हल्के-फुल्के, मन को खुश कर देने वाले कॉमेडी शो लेकर आ रहा है जो दर्शकों को आज की भागदौड़ भरी दुनिया में सुकून, आराम और हंसी का मौका देता है। मैं उनके इस सपने को साकार कर रही हूं। भाभीजी घर पर है 2.0 में वही गर्माहट, मासूमियत और खुशी है, लेकिन एक नए माहौल और नई ऊर्जा के साथ। मैं आभारी, खुश और बेहद उत्साहित हूं कि दर्शक एक बार फिर अंगूरी भाभी का अनुभव कर पाएंगे।

### उन्होंने गलत अफवाहें फैलाई थीं, जिन्हें सच मान लिया गया

बता दें कि शिल्पा शिंदे ने जब ये शो छोड़ा था तब उन्होंने प्रड्यूसर पर हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं उन्होंने प्रड्यूसर के खिलाफ स्रक्षक्रभी दर्ज कराई थी। मेकर्स ने भी शिल्पा पर भी अनप्रोफेशनलिज्म के आरोप लगाए थे। उनसे पूछा गया था कि इतनी कॉन्ट्रॉवर्सी के बाद शो में लौटने पर उनपर सवाल उठ सकते हैं। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, उस समय चैनल की तरफ से थर्ड पार्टी भी शामिल थी और उन्होंने गलत अफवाहें फैलाई थीं, जिन्हें सच मान लिया गया था। कॉन्ट्रैक्ट के जरिए एक शख्स ने मुझे कंट्रोल करने की कोशिश की थी। मुझे कहीं भी ज्यादा काम करने की आजादी नहीं थी । सालों तक कड़ी मेहनत करके करियर बनाने के बाद जब किरदार पर सवाल उठाए जाते हैं तो वो बर्दाश्त करना काफी मुश्किल होता है। उन्होंने कहा- मेरा मानना है कि जब दो लोग किसी चीज का हिस्सा होते हैं और उसमें जब किसी थर्ड पार्टी की एंट्री होती है तो ऐसी चीजें हो जाती हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in